नई दिल्ली

शनिवार, 22 मार्च 2025

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 341
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 32
न्यून. 19


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




9 आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा




## भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, सहित जाली दस्तावेज बरामद

# तीन बांग्लादेशी घुसपैठिये भारतीय मददगार के साथ किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की सदर्न रेंज ने बांग्लादेश से असम के रास्ते दिल्ली एनसीआर पहुंचने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। तीन बांग्लादेशी नागरिकों के साथ इनका एक भारतीय सहयोगी भी पकड़ा गया है। गिरोह का सरगना मोहम्मद इकबाल हुसैन उर्फ फरहान खान को नेहरू प्लेस से गिरफ्तार किया गया। इसके पास बांग्लादेशी पासपोर्ट और अवैध रूप से प्राप्त भारतीय पासपोर्ट दोनों पाए गए। पहले से बांग्लादेश में विवाहित होने के बावजूद इसने भारतीय नागरिक होने का झूठा दावा कर मध्य प्रदेश की एक महिला से विवाह तक कर लिया था। पकड़े गये लोगों के पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित बड़ी संख्या में जाली दस्तावेज बरामद हुये।




डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि हमने एक बड़े अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश दिलाकर दिल्ली एनसीआर में बसाने का कार्य कर रहा था। इस कार्रवाई के दौरान तीन अवैध बांग्लादेशी प्रवासी और उनके भारतीय सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह बांग्लादेश से असम के रास्ते भारत में घुसपैठ कराता था और जाली दस्तावेजों की सहायता से प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने में मदद करता था। फर्जी कागजात बनवाकर ये लोग बिना किसी संदेह के भारत में रह रहे थे। क्राइम ब्रांच की इस महत्वपूर्ण कार्रवाई ने दिल्ली में सक्रिय अवैध प्रवासियों के इस नेटवर्क को उजागर किया है, जिससे भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मोहम्मद इकबाल हुसैन उर्फ फरहान खान (44), रजीब मियां उर्फ राहुल विश्वास उर्फ अमित यादव (21), मोहम्मद मोमिन उर्फ मोहम्मद मोमिन हुसैन उर्फ जितेंद्र यादव (22) और इनके भारतीय सहयोगी अगरसेन कुमार (28) निवासी ओखला फेज-2, दिल्ली हैं। इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया और इंस्पेक्टर राम प्रताप के नेतृत्व वाली टीम ने यह सफलता पाई। मोहम्मद इकबाल हुसैन अवैध रूप से दिल्ली में रह रहा था और अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए बांग्लादेशी नागरिकों की तस्करी भी कर रहा था।

## सदस्यों की कम उपस्थिति पर कुलपति ने दिए नोटिस भेजने के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय कोर्ट की 92 वीं वार्षिक बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुआ। बैठक में सदस्यों की कम उपस्थिति पर कुलपति ने कड़ा संज्ञान लिया और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता से कहा कि बैठक में अनुपस्थित सभी विभागाध्यक्षों, प्रिंसिपलों, डीन और प्रोफेसरों को नोटिस भेजा जाए। बैठक के आरंभ में कुलपति ने विश्वविद्यालय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कुलपति ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक प्रवेश के लिए 69 कॉलेज और 79 कार्यक्रम थे जिनके लिए पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या 2 लाख, 46 हजार 194 थी। इनमें डीयू के लिए प्राप्त वरीयताओं की कुल संख्या 1 करोड़, 72 लाख, 18 हजार, 187 थी। डीयू की एडमिशन ब्रांच द्वारा आवंटन के लिए विचार किए गए अद्वितीय कटऑफ और रैंक की कुल संख्या 5 करोड़, 68 लाख, 20 हजार, 017 थी। इस शैक्षणिक सत्र में कुल 70 हजार, 422 विद्यार्थियों के प्रवेश किए गए थे। कुलपति ने बताया कि पिछले साढ़े तीन साल की प्रमोशनों और नियुक्तियों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि विभिन्न कॉलेजों और विभागों में शैक्षणिक पदों पर अब तक कुल 7423 प्रमोशन हो चुकी हैं जिनमें से कॉलेजों में 7019 और विश्वविद्यालय के विभागों में कुल 404 प्रमोशन हुई हैं। नई नियुक्तियों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक कुल 4784 शैक्षणिक नियुक्तियां हो चुकी हैं जिनमें से कॉलेजों में 4447 और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 337 नियुक्तियां हुई हैं। गैर-शैक्षणिक पदों पर भी 43 नियुक्तियां हो चुकी हैं जिनमें 7 लाइब्रेरियन, 35 सहायक लाइब्रेरियन और एक परीक्षा नियंत्रक शामिल हैं। गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति और प्रोमोशनों का आंकड़ा अब तक 1981 है।


**हाउसिंग फोर ऑल विभाग हरियाणा**
सी-15, आवास भवन, सेक्टर-6, पंचकूला-134109
ई-मेल hfapmayg@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

इच्छुक उम्मीदवारों से एतद द्वारा 15 जिला कोऑर्डिनेटर और 140 ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन अनुबंध आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आमंत्रित किये जाते हैं। ऐसी प्रत्येक नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं के विवरण, अनुभव और पारिश्रमिक इत्यादि के लिए कृपया लिंक deployment.setchartron.in पर पधारें।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि विज्ञापन की तिथि से 30 दिन के अंदर होगी।

महानिदेशक
हाउसिंग फोर ऑल विभाग
पंचकूला, हरियाणा

पीआरडीएच-2246/11/2/2025/33157/88/7 दि. 21.03.25



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाडी**

**मुकदमा नं. 92 दिनांक 21.03.2025 धारा 281,106 (1) BNS थाना माडल टाऊन रेवाडी**



नामपता नामालुम की पहचान हेतु
माता वा पिता का नाम - नामालुम
हुलिया- रंग गेहुँआ बाल सफेद
उम्र - करीब 55 साल
पहनावा - काली जींस पैन्ट, कॉफी कलर की जैकेट व क्रीम कलर की शर्ट

दिनांक 21.03.2025 को ROAD SIDE ACCIDENT नजदीक हंस रिसोर्ट NH-48 रेवाडी में मृत्यु हो गई है जो उपरोक्त नाश की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है जो नाश नामालूम के शव को गृह सामान्य अस्पताल रेवाडी में रखवाया हुआ है यदि किसी को भी उपरोक्त नाश के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर जल्द से जल्द सूचना दें।

SHO PS MODEL TOWN REWARI-7056666122
I/O ASI SANDEEP MODEL TOWN REWARI-9467823222
POLICE CONTROL ROOM REWARI-01274-225156, 9306952004
पीआरडीएच 1084/11/3213/2025/33166/88/7 दि. 21.03.2025


**खबर संक्षेप**



### मकान में आग लगी, एक शख्स की जलकर मौत

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के बलजीत नगर इलाके में शुक्रवार सुबह एक मकान की तीसरी मंजिल पर आग लग गई। इस हादसे में एक शख्स की जलकर मौत हो गई। मृतक का नाम प्रवीण सचदेवा (51) बताया गया है। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 5:17 बजे आग की सूचना मिली थी। मौके पर तीन गाड़ियां भेजी गई। स्टेशन ऑफिसर बत्ती लाल मीणा और अन्य स्टाफ ने आग बुझाने के बाद एक कमरे से जली हुई बॉडी बरामद की। बाद में मृतक की पहचान प्रवीण सचदेवा के रूप में हुई है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि वह अकेले ही घर में रहते थे। शव पोस्टमार्टम के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये जांच की जा रही है।

### एक करोड़ की ज्वैलरी चोरी करने वाला बिहार से पकड़ा

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर पुलिस ने एक करोड़ की ज्वैलरी चोरी का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में चोर को बिहार से पकड़ा गया है। इससे चोरी की ज्वैलरी भी बरामद हो गई है। आरोपी का नाम नागेन्द्र चौधरी (19) बताया गया है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 17 मार्च को आदर्श नगर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बी-13, टैगोर रोड पर चोरी की सूचना दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता पंकज बरेजा ने बताया कि वह 14 मार्च को अपने परिवार के साथ यात्रा पर गए थे और 17 मार्च को वापस लौटने पर उन्होंने घर का सामान बिखरा हुआ पाया। आगे की जांच में पता चला कि घर की एक खिड़की टूटी हुई थी और लगभग 3 लाख रुपये की नकदी और लगभग 1 करोड़ रुपये के सोने, चांदी और हीरे के गहनें गायब थे। प्रारंभिक जांच के दौरान शिकायतकर्ता के घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की गई। 15 मार्च को लगभग 7:45 बजे एक व्यक्ति सूटकेस लेकर परिसर से बाहर निकलता हुआ दिखाई दिया। शिकायतकर्ता ने संदिग्ध की पहचान अपने घरेलू सहायक नागेंद्र चौधरी निवासी मधुबनी, बिहार के रूप में की। आखिरकार टीम ने बिहार से आरोपी को सफलतापूर्वक पकड़ लिया।

## गोगी गैंग का खूंखार बदमाश चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज ने एक वांछित अंतरराज्यीय गैंगस्टर मनोज उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के अफसरों ने इसे पकड़ने के लिये इंस्टाग्राम पर मुंबई की मॉडल अभिनेत्री बनकर जाल बिछाया था। आरोपी गैंगस्टर जितेंद्र मान उर्फ गोगी गिरोह का सक्रिय सदस्य है। इसके साथ ही वह दीपक उर्फ तीतर का करीबी है, जो तिहाड़ जेल में तिल्लू ताजपुरिया की हत्या में शामिल था।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार मनोज दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा पा चुका था। वह 2005 के सनसनीखेज फिरौती के लिये अपहरण और हत्या मामले में पैरोल लेकर फरार हो गया था। बार-बार पैरोल तोड़ने वाला यह बदमाश दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के आठ जघन्य मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से दो पिस्टल और आठ कारतूस बरामद हुये हैं। मनोज नांगलोई का रहने वाला है। इसका साथी दीपक वर्तमान में मकोका सहित कई जघन्य मामलों में जेल में बंद है और तिहाड़ जेल परिसर में प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर तिल्लू ताजपुरिया की हत्या में शामिल रहा था। बदमाश को दक्षिण दिल्ली के क्षेत्र से पकड़ा गया।

### मुंबई की मॉडल से मिलने आया था, धरा गया

डीसीपी गौतम ने बताया कि अभियुक्त मनोज इंस्टाग्राम पर सक्रिय था। इसी आधार पर क्राइम ब्रांच में तैनात हवालदार दिनेश और हवालदार सुखबीर ने इंस्टाग्राम पर एक नकली खाता बनाया। मुंबई की मॉडल अभिनेत्री बनकर अभियुक्त से कई हफ्तों तक चैट की गई। अंततः उसे दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव क्षेत्र में मिलने के लिए बुलाया गया था। जैसे ही बदमाश वहां पहुंचा पहले से तैनात टीम ने उसे धर दबोचा। मनोज मूलरूप से हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले का रहने वाला है। 1990 के दशक में उसका परिवार दिल्ली आकर नांगलोई क्षेत्र में रहने लगा था। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उसने अपने दोस्त चमनलाल के साथ नांगलोई में अपना व्यवसाय शुरू किया। चमनलाल की राहुल नाम के व्यक्ति से पुरानी दुश्मनी थी। 2005 में इन्होंने राहुल का अपहरण किया और फिरौती न मिलने पर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में उसे 2013 में ट्रायल कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।



## सिंघु बॉर्डर को खोलने का कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आंशिक रूप से बंद दिल्ली के सिंघू बॉर्डर को खोलने का कार्य अब शुरू कर दिया गया है और एक दो दिन में यह कार्य पूरा हो जाएगा। शुक्रवार को दिल्ली देहात के एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे अशोक वर्मा ने यह जानकारी दी। अशोक वर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर गत माह उन्होंने दिल्ली सरकार में केबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा से मुलाकात की थी और बताया था कि किसान आंदोलन के बाद से ही सिंघु बॉर्डर की आधी सड़क अवरोधक लगा हुआ है और इसके चलते दिल्ली में प्रवेश के समय यातायात बाधित हो जाता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

■ **गत माह प्रवेश वर्मा से मिला था प्रतिनिधिमंडल**

प्रतिनिधि मंडल में विकास तुसीर, अशोक वर्मा, जसबीर मान, योगेश मान, गजे सिंह खत्री, देवराज पंवार, अशोक खत्री, दीप धर्मस्य और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। तब मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा और सामान्य स्थिति बहाल की जाएगी। अशोक वर्मा ने बताया कि मंत्री प्रवेश वर्मा ने अपने वादे पर खरा उतरते हुए अवरोधकों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है और यह एक दो दिन में पूर्ण हो जाएगा। सरकार की यह प्रतिबद्धता जनता की सुरक्षा और सुगम यातायात को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री प्रवेश वर्मा, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और प्रशासन का हार्दिक धन्यवाद किया है।

## डीआरडीओ वैज्ञानिक से 40 लाख की ठगी करने वाले चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक वैज्ञानिक से 40 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस सिलसिले में चार जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बैंक खातों को हैक करने के बाद रकम साफ कर देते थे।

डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी के अनुसार आरोपी ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते थे। उन्हें समस्याओं के समाधान की आड़ में एंड्रॉइड पैकेज किट (एपीके) फाइल बताकर एक मैलवेयर को 'इंस्टॉल' करने के लिए राजी करते थे। इसके बाद फाइल पीड़ित व्यक्ति के डिवाइस तक रिमोट एक्सेस प्रदान करती थी, जिससे धोखेबाज बैंकिंग जानकारी, पैन कार्ड विवरण और सीवीवी कोड सहित संवेदनशील वित्तीय विवरण चुरा सकते थे। इस पद्धति का उपयोग करके, धोखेबाज ने लोगों के बैंक खातों से लाखों रुपये उड़ाये। गत दिनों

■ **आरोपी बैंक खातों को हैक करने के बाद करते थे रकम साफ**

डीआरडीओ से सेवानिवृत्त एक वैज्ञानिक ने 40 लाख रुपये की ठगी की शिकायत दी थी। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित ने ऑनलाइन कस्टमर सपोर्ट नंबर सर्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक फर्जी कॉन्टैक्ट पर कॉल की थी। ठगों ने उन्हें सोशल मीडिया के जरिए एक मैलवेयर भेजा, जिसे उन्होंने इंस्टॉल कर लिया। इसके बाद ठग उनके बैंक खाते तक पहुंच गये। सात दिनों में आरोपियों ने व्यवस्थित तरीके से उनके खाते से धनराशि स्थानांतरित कर ली। उनकी शिकायत पर साइबर पुलिस टीम ने गहनता से जांच शुरू की। पुलिस ने धोखेबाजों का झारखंड के देवघर और राजस्थान के मेवात में पता लगाया। तकनीकी निगरानी से उनके विवरण सामने आए। आखिर में जियो-लोकेशन ट्रैकिंग और खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम इकबाल अंसारी, साजिद खान, सलमान खान और नरेंद्र कुमार है। इनके पास से पांच स्मार्टफोन बरामद किए गये। उनमें संदिग्ध डाटा मिला है, जिसमें पीड़ितों के वित्तीय विवरण वाली एक्सेल शीट भी शामिल है। जांच में यह भी पता चला कि यह गिरोह इसी तरह की रणनीति का इस्तेमाल करके पूरे भारत में लोगों को निशाना बना रहा था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नेसना उर्फ शिवाली पत्नी मोहम्मद हमाउ पता मकान नं. 157, ई–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, सेक्टर–1, द्वारका, दिल्ली ने एफआईआर सं. 111/2019 धारा 363/328/365 भा.द.स. के तहत** थानाः नरेला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नेसना उर्फ शिवाली** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नेसना उर्फ शिवाली** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 111/2019 धारा 363/328/365 भा.द.स. के तहत** थानाः नरेला, दिल्ली **के उक्त नेसना उर्फ शिवाली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अमित सहरावत
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–01 (पॉस्को)
नार्थ कमरा नं. 306, तृतीय तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3505/ON/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी गोविंद कश्यप, पुत्रः** चंद्र पाल, **पताः** IX/4677–B, गली नंबर 1, अजीत नगर, गांधी नगर, **दिल्ली CC No. 5862/2020, U/S: 138 NI Act, पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोविंद कश्यप,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोविंद कश्यप,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गोविंद कश्यप, CC No. 5862/2020, U/S: 138 NI Act, पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रेया सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–05
केंद्रीय तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3526/N/2025
(Court Matter)



**अंका इंडिया लिमिटेड**
पंजी. कार्या. : 6 लीजेंड स्क्वेयर, सेक्टर-33, गुरुग्राम-122004;
CIN: L74900HR1994PLC033268: Email id: response@ankaindia.com
Phone no: 9820069933; 0124-2322570; website: www.ankaindia.com

**वित्त वर्ष 2025-26 हेतु पहली असाधारण सामान्य बैठक, ई-वोटिंग के सम्बन्ध में जानकारी की सूचना**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को अपराह्न 04:00 बजे **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजित होने वाली अंका इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") की वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली असाधारण सामान्य बैठक ("ईजीएम" या "बैठक") की सूचना का प्रेषण 20 मार्च, 2025 को कंपनी के उन सदस्यों को पूरा कर लिया गया है, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप पंजीकृत हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 और विनियम 44 के अनुसार, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 (दिनांक 8 अप्रैल, 2020), 17/2020 (दिनांक 13 अप्रैल, 2020), 20/2020 (दिनांक 5 मई, 2020), 02/2021 (दिनांक 13 जनवरी, 2021), 10/2021 (दिनांक 23 जून, 2021), परिपत्र संख्या 20/2021 (दिनांक 08 दिसंबर, 2021), परिपत्र संख्या 11/2022 (दिनांक 28 दिसंबर, 2022), परिपत्र संख्या 09/2023 (दिनांक 25 सितंबर, 2023) और परिपत्र संख्या 09/2024 (दिनांक 19 सितंबर, 2024) क्रमशः के साथ पठित। ("एमसीए परिपत्र(ओं)") और परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMDI/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 और परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी परिपत्र") द्वारा जारी किए गए, कंपनी अपने सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान की गई दूरस्थ ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से ईजीएम की सूचना में निर्धारित सभी व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) में मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। रिमोर्ट ई-वोटिंग सुविधा के लिए विस्तृत निर्देश ईजीएम की सूचना में निहित हैं जो सदस्यों को भेजी गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 और नियमों के प्रावधानों के अनुसार विवरण नीचे दिए गए हैं:

1. भौतिक मोड में शेयर धारण करने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत / अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे फोलियो नंबर के विवरण के साथ कंपनी को लिखकर और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करके response@ankaindia.com पर या अंकित असाइनमेंट लिमिटेड को rta@alankit.com पर लिखकर पंजीकरण / अपडेट करें।
2. डिमैटरियलाइज्ड मोड में शेयर धारण करने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत / अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत / अपडेट करें जिनके साथ वे अपने डीमैट खाते बनाए रखते हैं।
3. दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए कट-ऑफ तिथि शनिवार, 05 अप्रैल, 2025 है।
4. ई-वोटिंग की अवधि : ई-वोटिंग बुधवार 09 अप्रैल, 2025 पूर्वा 09:00 बजे से शुरू होगी और शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025 अप. 05:00 बजे समाप्त होगा। कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त समय और तिथि के बाद दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. जिन व्यक्तियों ने ईजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद शेयर हासिल किए हैं और कंपनी के सदस्य बन गए हैं और कट-ऑफ तिथि अर्थात शनिवार, 05 अप्रैल, 2025 को शेयर धारण कर रहे हैं, वे ईजीएम की सूचना में दिए गए निदेशों और दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया का पालन करके अपना वोट डाल सकते हैं।
6. ईजीएम सूचना कंपनी की वेबसाइट https://www.ankaindia.com/egm-reports पर उपलब्ध है और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
7. कोई व्यक्ति, जिसका नाम केवल कट-ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देता है, दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के साथ-साथ ईजीएम में मतदान करने का हकदार होगा। हालांकि, यदि व्यक्ति दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से ही पंजीकृत है, तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
8. वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ईजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे।
9. जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भी ईजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे ईजीएम में फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
10. ईजीएम की सूचना में ई-वोटिंग, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने और शेयरधारकों द्वारा ई-मेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रदान की गई है। यह कंपनी की वेबसाइट: https://www.ankaindia.com/egm-reports, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट: www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
11. यदि आपके पास ईजीएम में भाग लेने और सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।
12. किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य श्री अनु शर्मा, कंपनी सचिव से 6 लीजेंड स्क्वायर सेक्टर 33 गुरुग्राम-122004, ईमेल आईडी response@ankaindia.com पर संपर्क कर सकते हैं।
13. ई-वोटिंग का परिणाम 12 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद घोषित किया जाएगा, लेकिन ईजीएम के समापन से 48 घंटे के बाद नहीं। ई-वोटिंग के परिणाम और संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट को कंपनी की वेबसाइट www.ankaindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर सदस्यों को सूचित करने के उद्देश्य से रखा जाएगा, साथ ही बीएसई लिमिटेड को भी सूचित किया जाएगा, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

कृते अंका इंडिया लि.
हस्ता/-
अनु शर्मा
कम्पनी सचिव

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 21.03.2025



**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जिला जीन्द के गांव किनाना में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.04.2025 | 460.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव संतोर ब्लॉक और जिला चरखी दादरी में सामान्य चौपाल को पूरा करना, डी प्लान योजना + 1 कार्य। | 13.03.2025 20.03.2025 | 13.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज करनाल | पुण्डरी – गांव पुण्डरी ब्लॉक घरौंडा में कमला मोड से तालाब तक, 2. ईश्वर रोड से नैन सिंह त्यागी तक आरसीसी नाला का निर्माण। | 20.03.2025 29.03.2025 | 26.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | बिरधाना, ब्लॉक झज्जर में झज्जर मोड से गिरावड़ रोड तक फिरनी का 36.01 – पेवमेंट + 3 कार्य। | 17.03.2025 25.03.2025 | 223.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 5 | उपायुक्त, अध्यक्ष, डीआईटीएस झज्जर | एक वर्ष हेतु आईसीटी – अनेबल मदों और उपभोग्यों की खरीद हेतु दर अनुबंध (आरसी)। | 20.03.2025 16.04.2025 | 10000/- | https://jhajjar.nic.in | 9355805581 ditsjjr@gmail.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | राज्य के राजकीय स्कूल में एलईडी / टीवी (डिजिटल उपकरण) इंटीग्रेशन ऑफ टेक्नोलॉजी के माध्यम से ट्रांसफॉर्मरिंग शिक्षा हेतु। | 22.03.2025 21.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. इंटर ऐक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले 2. वेब कैमरा 3. एसैट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर (फैक्टरी प्रीलोडेड)। | 22.03.2025 21.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/140/33183/I/88/7 दि. 21.03.25

नई दिल्ली
शनिवार, 22 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 341
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शादी के बंधन में बंधे हॉकी खिलाड़ी मनदीप



**जालंधर।** पुरुष हॉकी टीम के मंदीप सिंह और भारतीय महिला हॉकी टीम की उदिता दुहान शुक्रवार को शादी के बंधन में बंध गए। मंदीप सिंह ने अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होने पर खुशी जताते हुए कहा कि हम हमेशा भारत के लिए मैच जीतना चाहते थे और अब जब शादी कर ली है, तो अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास जारी रखेंगे।

### हाईकोर्ट में मकबरे को हटाने याचिका दाखिल



**मुंबई।** देशभर में औरंगजेब के मकबरे को हटाने का मुद्दा चर्चा में बना हुआ है। केतन तिरोडकर नाम के शख्स ने बॉम्बे हाईकोर्ट में औरंगजेब के मकबरे को हटाने के लिए जनहित याचिका भी दायर की गई है। दायर याचिका में कब्र को ध्वस्त करने और उसे राष्ट्रीय स्मारकों की सूची से हटाने का निर्देश देने की मांग की है।

### न्यायमूर्ति टंडन उड़ीसा हाईकोर्ट के सीजे बने



**भुवनेश्वर।** न्यायमूर्ति हरीश टंडन उड़ीसा उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति टंडन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उड़ीसा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति हरीश टंडन वर्तमान में कोलकाता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में मृत पाया गया यात्री



**लखनऊ।** यहां के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री मृत पाया गया। घटना शुक्रवार सुबह 8.10 बजे की है। फ्लाइट संख्या एआई 2845 में यात्री का शव मिला। यह फ्लाइट नई दिल्ली से आई थी। पीड़ित की पहचान बिहार के गोपालगंज के आशिफ अंसारी के रूप में हुई है।

---

दिल्ली की कानून व्यवस्था के सवाल पर माना कि और सुधार की जरूरत

आत्मविश्वास से लबरेज अमित शाह राज्यभा में पूरे रौ में दिखे

# देश के 3 नासूर, आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद इनके समूल नाश के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आत्मविश्वास से लबरेज पूरे रौ में दिखे। उन्होंने विपक्ष के उठाये एक एक सवाल का जवाब दिया। जहां सुधार की जरूरत है उसे स्वीकार किया। आंतरिक सुरक्षा को लेकर दो टूक कहा कि न मणिपुर के अतिवादी बचेंगे, न आतंकवादी दिखेंगे और न ही 31 मार्च 2026 के बाद नक्सलियों का उपद्रव बच सकेगा।

पहली बार संसद के इतिहार में समूचे विपक्ष में केवल एक, सीपीआई के सांसद संतोष कुमार पी. ने दबी जुबान में नक्सलियों की आड़ में छत्तीसगढ़ के बस्तर में कथित रूप से स्थानीय ग्रामीणों के मारे जाने का सवाल उठाया, लेकिन साथ में एक ही सांस में ये भी जोड़ दिया कि सीपीआई नक्सली हिंसा का समर्थन नहीं करती। उसके अलावा न कांग्रेस के किसी सांसद ने नक्सली ऑपरेशन पर कुछ किंतु परंतु किया न ही तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने। इसके बाद भी अमित शाह ने दो टूक संसद में तारीख, साल समेत एलान किया कि लगभग साल भर बाद देश से नक्सली समस्या हमेशा के लिए जमींदोज हो जाएगी।

## नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार बाकी

अमित शाह ने नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद को देश के 3 नासूर के रूप में वर्णित करते हुए कहा इन तीनों को लगभग खत्म कर दिया गया है, बस नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार बाकी है। संसद के माध्यम से एकबार फिर केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलियों को हथियार छोडने को कहा साथ ही जोडा कि हथियार नहीं छोडने वाले नक्सलियों के साथ बेहद सख्ती के साथ केंद्र सरकार पेश आएगी।

### सुरक्षाकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

चर्चा पर जवाब देने से पहले अमित शाह ने अतिवादियों का शिकार हुए शहीद सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को भी याद किया। उन्होंने कहा, देश की आजादी के बाद आंतरिक और सीमा सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के शहीदों को समूचा सदन नमन करता है। उन्होंने कहा कि उनके बलिदान के कारण ही देश आज विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के हौसले पस्त

गृहमंत्री ने कहा कि मणिपुर में अतिवादी तेजी से आत्मसर्पण कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के हौसले पस्त हैं। उन्होंने आंकडें के हवाले से बताया कि कैसे यूपीए सरकार के समय पत्थरबाजों से लेकर आतंकियों का हिंसा था और कैसे अब मोदी सरकार के दृढ निश्चय की वजह से 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में हिंसा तेजी से थमी है। बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। युवाओं को रोजगार मिल रहे हैं। वर्षों से बंद पडी मंदिरों में पूजा अर्चना शुरू हो गई है। मणिपुर में आम जनजीवन शुरू है। शांति कायम हो रही है।

### घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे

केंद्रीय गृहमंत्री ने दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र की जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस केंद्र सरकार के अधीन है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, खासकर घुसपैठियों और संगठित अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के जरिए। उल्लेखनीय है कि चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के अजय माकन और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने एनसीआरबी के आंकडों के हवाले से दिन-ब-दिन दिल्ली की बदतर होती कानून व्यवस्था का मामला उठाया था।

---



एक ओर जस्टिस वर्मा के घर से बेहिसाब संपत्ति मिलने की खबर से गर्माया माहौल

# दूसरी ओर अग्निशमन प्रमुख का बड़ा दावा, कोई कैश नहीं मिला, जांच शुरू

- चीफ जस्टिस आज सीजेआई को सौंपेंगे रिपोर्ट
- 14 मार्च की रात आवास पर लगी थी आग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने की घटना के दौरान कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख (डीएफएस) अतुल गर्ग ने तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा कि आग बुझाते वक्त अग्निशमन कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली थी।

अतुल गर्ग ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि 14 मार्च को रात 11.35 बजे फायर कंट्रोल रूम को जस्टिस वर्मा के 30, तुगलक क्रिसेंट रोड स्थित आवास पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मी 11:43 बजे तक घटनास्थल पर पहुंच गए। आग एक स्टोर रूम में लगी थी, जहां स्टेशनरी और घरेलू सामान रखा था। अतुल गर्ग ने आगे बताया कि आग पर काबू पाने में 15 मिनट लगे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। शेष पेज 5 पर

### रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्रवाई करेंगे

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कैश मिलने के आरोपों को लेकर 20 मार्च को प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है, जिसके तहत दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से एक प्रारंभिक रिपोर्ट मांगी गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपनी जांच रिपोर्ट आज (22 मार्च 2025) भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को सौंपेंगे। इसके बाद इस रिपोर्ट की समीक्षा कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जांच और ट्रांसफर अलग-अलग

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य जस्टिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े मामले की जांच सबसे पहले शुरू की थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में कई प्रकार की अफवाहें और गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं, जिनसे बचने की शेष पेज 5 पर

---

यह जानकारी शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी

# चरमपंथियों को दिए गए लाइसेंस की वजह से कनाडा संग खराब हुए रिश्तेः जायसवाल



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कनाडा में हालिया हुए सत्ता परिवर्तन के बीच भारत की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी सामने आई है। जिसमें शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चरमपंथी और अलगाववादी तत्वों को कनाडा में दी गई खुली छूट यानी लाइसेंस की वजह से भारत के साथ उसके रिश्तों में गिरावट आई है। रणधीर की यह टिप्पणी जस्टिन ट्रूडो की अगुवाई वाली कनाडा की पिछली सरकार के संदर्भ में की गई। हालांकि अब वहां पर सत्ता परिवर्तन की कवायद तेजी से आगे बढ़ रही है और शेष पेज 5 पर

◆ अमेरिका के दो अप्रैल से लगाए जा रहे पारस्परिक टैरिफ, दो भारतीयों को निकाले जाने के मामले पर भी दी जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया

### यूएस से निकाले जा रहे दो भारतीयों ने नहीं किया संपर्क

मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि हमें अमेरिका में रह रहे दो भारतीयों बदर खान सूरी और रंजनी श्रीनिवासन को हमास का प्रोपेगेंडा फैलाने के आरोप में यूएसए से बाहर निकाले जाने के मामले के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसे लेकर कुछ मीडिया रिपोट्स से हमें पता चला है। लेकिन अभी तक दोनों भारतीयों में से किसी ने भी भारत सरकार या अमेरिका में मौजूद हमारी राजनयिक सुविधाओं से कोई संपर्क नहीं किया है। वहीं, छात्र वीजा या इमीग्रेशन के मामले में संबंधित देश का कानून ही सर्वोपरि होता है। फिर चाहे कोई व्यक्ति अगर बाहर से हमारे देश में आए या हमारा कोई नागरिक बाहर जाए तो उस पर संबंधित देश का कानून ही पूरी तरह से प्रभावी होगा। यहां बता दें कि रंजनी श्रीनिवासन अमेरिका से फिलहाल कनाडा चली गई हैं और सूरी को अमेरिका की एक अदालत ने देश से बाहर निकालने पर रोक लगा दी है।

### व्यापार वार्ता आगे बढ़ाने में जुटे भारत-अमेरिका

उधर, रणधीर जायसवाल ने अमेरिका के दो अप्रैल से लागू किए जाने वाले पारस्परिक टैरिफ को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे ले जाने को लेकर चर्चा कर रहे हैं। इससे जुड़े हुए ढांचागत तंत्र पर भी विचार-विमर्श जारी है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 3 से 7 मार्च तक अमेरिका की यात्रा कर उनके वाणिज्य-व्यापार सचिव से मुलाकात कर बातचीत की थी। सरकार अमेरिका की सरकार से तकनीकी स्तर पर मामले को लेकर बातचीत कर रही है। जिससे भारत-अमेरिका के बीच एक मल्टी सेक्टर द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो सकेगा।

---

भाजपा ने कांग्रेस पर कर्नाटक में कॉन्ट्रैक्ट जिहाद का लगाया आरोप

# राहुल गांधी मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कर रहेः पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि इसके बिना वह कुछ नहीं कर पाएंगे। भाजपा ने कांग्रेस पर कर्नाटक में कॉन्ट्रैक्ट जिहाद करने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की। राज्य विधानसभा ने सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की अनुमति देने वाला विधेयक पारित किया है। भाजपा ने इसे ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों का उल्लंघन बताया। भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य सरकार के फैसले



को आगे बढ़ाया। संबित पात्रा ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा में आज कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता विधेयक में संशोधन के साथ पारित किया गया है। इसका मतलब यह है कि आज से कर्नाटक में जो सरकारी ठेके हैं, उन ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ये बताते हुए दुख हो रहा है कि ये जो मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, वो ओबीसी कैटेगरी 2बी में से दिया गया है। इसका अर्थ है कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने ओबीसी बंधुओं के अधिकार में सेंधमारी कर मुसलमानों को दिया है।

### *कर्नाटक सरकार के निर्णय तुष्टिकरण की पराकाष्ठा*

*भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने ये जो निर्णय लिया है, यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। हमने सदैव देखा है कि कांग्रेस पार्टी व उसके घटक दलों की राजनीति परिवारवाद, तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर ही चलती है। इसलिए ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कहीं न कहीं राहुल गांधी पॉलिटिकली अनफिट हैं, इसलिए वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ऐसे ही 1947 और उससे पहले नेहरू जी की महत्वाकांक्षा के कारण जो बात केवल एक चिंगारी के रूप में आरंभ हुई थी, वो देश के विभाजन पर समाप्त हुई। 'मुझे राष्ट्राध्यक्ष बनना है...' उसके लिए भारत के टुकड़े किए गए। आज राहुल गांधी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए, जो आज 4 प्रतिशत पर शुरू हुआ है, कल वो 100 प्रतिशत करने की मंशा इन लोगों में है।*


सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस

प्रीमियम रुक जाए.

फ़ायदे चलते रहें.



आकर्षक लाभों के साथ जीवन बीमा सुरक्षा

| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

एलआईसी का
जीवन लाभ

एक पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

Plan No.: 736 UIN No.: 512N304V03

- न्यूनतम मूल बीमा राशि : ₹200,000/-
- अधिकतम मूल बीमा राशि : कोई सीमा नहीं
- प्रवेश की न्यूनतम आयु : 8 वर्ष
- प्रवेश की अधिकतम आयु : पॉलिसी अवधि 25/21/16 वर्ष के लिए 50/54/59 वर्ष

अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

"प्रोडक्ट के अंतर्गत दर्शाए गए बोनसों के जोखिम घटकों की कोई गारंटी नहीं है.
पिछली कार्यकुशलता भावी बोनसों के बारे में किसी संकेत की रचना नहीं करती है तथा ये प्रोडक्ट्स बीमा कंपनी की निवेशों, व्ययों के प्रबंधन, मर्त्यता तथा कालातीत होने के रूप में समग्र कार्यकुशलता के अधीन है."

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/52/Hin

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

# 5 अप्रैल को सीएम योगी गाजियाबाद में कश्यप- निषाद संगठन के सम्मेलन को संबोधित करेंगे

अध्यक्ष कश्यप ने कहा कि महाकुंभ को आयोजित करने का मकसद कश्यप निषाद समाज को एकजुट करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है

**खास बातें**

- विशाल सम्मेलन में 7 राज्यों के कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे
- समाज को एकजुटता का दिया जाएगा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 5 अप्रैल को गाजियाबाद आएंगे। योगी यहां घंटाघर रामलीला मैदान में कश्यप निषाद संगठन विशाल सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन को महाकुंभ नाम दिया गया है।

कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि इस कार्यक्रम का मकसद महर्षि कश्यप को याद करना और उनके बताएं सिद्धांतों को जीवन में अपनाने लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम और महर्षि कश्यप के जीवन से जुड़े नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे।




संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने प्रेस कान्फ्रेंस में यह जानकारी दी

इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई अन्य प्रमुख अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का काम करेंगे। कश्यप ने कहा कि महाकुंभ को आयोजित करने का मकसद कश्यप निषाद समाज को एकजुट करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि कार्यक्रम के लिए तैयारी को शुरू कर दिया गया है। वही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का समय भी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मिल गया है। इस विशाल महाकुंभ में उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरियाणा ,पंजाब , राजस्थान, हिमाचल प्रदेश , जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश के साथ ही कई अन्य प्रदेश के कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को मंच पर स्थान देने के साथ ही उनके द्वारा समाज को एकजुट करने का संदेश दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी विकास को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 मार्च को क्राइम ब्रांच की टीम एरिया मे गस्त पर थी। गस्त के दौरान गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास निवासी डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद को डबुआ मंडी से काबू करके 542 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

### गांजा तस्करी करने वाला आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने 2 अलग-अलग मामलों में आरोपी डैनिश / अमित व सूरज नामदेव को गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टे व जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। 20 मार्च को क्राइम ब्रांच की टीम ने डैनिश उर्फ अमित निवासी सरिता विहार दिल्ली नगर पार्ट-2 फरीदाबाद को सेक्टर-56 नियर मैट्रो फ्लैट व सुरज नामदेव वासी शिवम फरीदाबाद से गिरफ्तार किया।

### स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाला पकड़ाया



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने स्नैचिंग के एक मामले में आरोपी विनय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी अनखीर में लक्कडपुर निवासी महिला ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 19 मार्च को वह सैलून से घर जा रही थी तभी रसोई रेस्टोरेंट सेक्टर 21सी के पास एक बाइक पर तीन लड़के आए और उसका बैग छीन कर भाग गए। जिसमे 12,000 रुपए व चांदी की एक चैन थी। शिकायत पर थाना सुरजकुंड में मामला दर्ज किया।

### मंत्री गोयल ने प्रेस वार्ता कर हरियाणा सरकार के बजट पर किया संवाद

# मुख्यमंत्री सैनी द्वारा पेश विजनरी एवं प्रोग्रेसिव बजट से जन-जन होगा सशक्त: विपुल गोयल

हरियाणा सरकार में राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने नायब सैनी द्वारा पेश बजट को विकसित भारत विकसित हरियाणा के संकल्प और गरीबों के सपनों को साकार करने वाला बताया। कहा कि यह बजट आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा में एक मजबूत कदम है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट को विकसित भारत विकसित हरियाणा के संकल्प और गरीबों के सपनों को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा में एक मजबूत कदम है।

नायब सिंह सैनी ने विजनरी एवं प्रोग्रेसिव बजट पेश किया है जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास के साथ जन जन का विकास भी होगा। यह बजट अन्त्योदय की कल्पना को साकार करने वाला बजट है। इस बजट में आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी से लेकर हवाई जहाज तक यानि सभी संसाधनों का प्रावधान किया है यह बजट विकसित भारत के साथ विकसित हरियाणा की कल्पना को साकार करने वाला बजट है। विपुल गोयल ने विकसित हरियाणा, समृद्ध हरियाणा और आत्मनिर्भर हरियाणा को ध्यान में रखकर बनाया गया, दूरदर्शी, सर्वसमावेशी, सर्व हितैषी बजट है। हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने प्रेस वार्ता कर हरियाणा सरकार के 2025-26 बजट में किए गए प्रावधानों को प्रेस के सामने विस्तृत रूप में सांझा किया। इस प्रेस वार्ता में फरीदाबाद के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, मीडिया सह प्रभारी राज मदान आदि उपस्थित रहे।




### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

*हरियाणा के पांच प्रमुख जो टूरिस्ट कांप्लेक्स है उनको पीपीपी मोड पर आगे देने का काम करेंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल बनाने का प्रावधान किया गया है, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का काम हरियाणा की सरकार करेगी, सूरजकुंड क्राफ्ट मेला को 2 बार लगाने एवं दिवाली मेला लगाने का प्रावधान किया गया है । गोयल ने कहा कि नायब सिंह सैनी ने 2 लाख परिवारों को राहत देने के लिए 2 लाख उद्योगों को एक कलम से राहत देने का काम किया है। गोयल ने कहा कि बजट में किये गए प्रावधान राज्य के किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी, वरिष्ठ और नारी के कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।*

### 90 वादे पूरे किए जाएंगे

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के रूप में अपना 2.05 लाख करोड़ का पहला बजट प्रस्तुत किया, जो प्रदेश के इतिहास का अबतक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट सहभागितापूर्ण दृष्टिकोण एवं समावेशी निर्णय लेने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है क्यूंकि इसमें आम जनमानस से लेकर विशेषज्ञों एवं बुद्धिजीवियों द्वारा प्राप्त किए गए लगभग 11000 सुझावों को शामिल करने का प्रयास किया गया है। भाजपा सिर्फ घोषणा नहीं करती बल्कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करती है, 19 वादे पहले ही पूरे हो चुके हैं और 14 वर्तमान में प्रगति पर हैं। इस बजट की स्वीकृति के साथ आगामी वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त 90 वादे पूरे किए जाएंगे, जो हरियाणा के विकास की प्रगति को और भी अधिक तेजी से आगे बढ़ाएंगे। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने महिला एवं किसान हितैषी, लोक कल्याणकारी, सर्वहितकारी एवं सर्वस्पर्शी और नायाब हरियाणा का नायाब बजट बताया। गोयल ने हरियाणा को भविष्य सक्षम हरियाणा एवं ऐ.आई संचालित हरियाणा बताते हुए कहा कि हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाने एवं डेटा आधारित नीति निर्धारण व गवर्नेंस ऑटोमेशन से जनता के लिए हरियाणा मिशन की स्थापना करने की घोषणा की। स्टार्टअप्स में निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार निजी निवेशकों का 2000 करोड़ का एक फंड, युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए संकल्प प्राधिकरण का गठन, हरियाणा ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार दिलाना, प्रदेश की जीडीपी को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने और हरियाणा में 50 लाख नए रोजगार उत्पन्न करने के लिए मिशन हरियाणा-2047 शुरू करने की घोषणा की। गोयल ने कहा कहा कि बजट में ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के कई प्रावधान किये गए हैं जिनसे ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। लाडो लक्ष्मी योजना, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2100 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।*

### विश्व जल दिवस पर ननि ने मोरटा तालाब पर किया पौधरोपण

# धरा को हरा भरा बनाए रखने में पौधरोपण के साथ-साथ जल संरक्षण बेहद जरूरी: महापौर



आयुक्त ने पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस तथा विश्व जल दिवस पर मोरटा स्थित तालाब पर महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पौधारोपण किया।

महापौर ने शहर वासियों को 13 वें अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की शुभकामनाएं दी तथा 32 वे विश्व जल दिवस के मौके पर तालाबों तथा नदियों की सफाई अभियान चलाने की लिए भी कहा। इस अवसर पर पीपल, फाईकस, के पौधे लगाए गए महापौर द्वारा छायादार पौधे तथा नगर आयुक्त द्वारा फलदार पौधे लगाए। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पिछले दो से तीन वर्षों में लगभग चार लाख पौधे शहर में लगाए गए हैं । जिसके क्रम में पौधारोपण का अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी तालाबों तथा नदियों के आसपास सघन पौधारोपण किया जाएगा स्वच्छ नदियों तथा स्वच्छ तालाब से स्वच्छ वातावरण का निर्माण होता है जिसके लिए जन-जन को जागरूक किया जाएगा । जन सहभागिता से ही आने वाले कल को सुरक्षित बनाया जा सकेगा, मोरटा स्थित तालाब पर सफाई अभियान चलाया गया तथा अन्य तालाबों पर भी इसी क्रम में सफाई अभियान चलाते हुए प्लांटेशन के निर्देश टीम को दिए गए।

### कार्रवाई न होने तक फटी कमीज़ और नंगे पांव रहने का किया ऐलान

# लोनी के भाजपा विधायक नंदकिशोर ने प्रदेश के बड़े अधिकारी पर कलश यात्रा में उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया

**प्रेसवार्ता आयोजित कर नंद किशोर ने आरोप लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के एक बड़े अधिकारी पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने शेलान किया कि जब तक दोषी अधिकारियों के खिलाफ करवाई नहीं हो जाती तब तक वह राम कलश यात्रा के दौरान पुलिस की बर्बरता के कारण फटी कमीज पहनेंगे और नंगे पैर रहेंगे। मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नंद किशोर गुर्जर ने आरोप लगाया कि गुरुवार को कलश यात्रा के दौरान हुई घटना उनकी हत्या करने की साजिश थी।

उन्होंने पुलिस के उस के उस दावे को भी गलत बताया उन्होंने रामकलश यात्रा निकालने की अनुमति नहीं ली। कहा कि उन्होंने एसडीएम को भी अनुमति के लिए पत्र लिखा था इस पत्र को बकायदा उन्होंने मीडिया के सामने पेश भी किया। लोनी में गुरुवार को कलश यात्रा निकाली जा रही थी। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। इस दौरान कलश यात्रा की अनुमति न लेने के मामले को लेकर पुलिस और विधायक के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने कलश यात्रा को रोका तो इस बात को लेकर झड़प हुई। आरोप है विधायक नंद किशोर गुर्जर के कपड़े तक फाड़ दिए गए। नंदकिशोर गुर्जर ने मीडिया के समक्ष कहा कि पहले ही इस साजिश का आभास हो चुका था। लखनऊ बैठे एक उच्च स्तर के अधिकारी ने इसकी योजना बनाई थी। इसकी वजह यह है कि वह भ्रष्टाचार और गरीबों पर हो रहे अत्याचार का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊपर काला जादू कराया हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक इस घटना के आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती तब तक वह फटे कपड़े और नंगे पैर रहेंगे। इसी वेशभूषा में वह मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष से मिलेंगे और न्याय की मांग करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें सरकार और पुलिस पर भरोसा नहीं है और अब उनका केवल केंद्र सरकार और न्यायपालिका पर ही विश्वास रह गया है। भाजपा विधायक ने कहा कि इस समय अपराध लगातार बढ़ रहा है और पुलिस अपराधियों को पैसे लेकर छोड़ रहे हैं उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में कैसे मामले हैं जिन पर पुलिस ने आरोपियों को छोड़ दिया जबकि उन्होंने फोन किया था लेकिन उनके नहीं सुनी।




# डिजिटल अरेस्ट करके एक करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले दो आरोपियों को किया काबू

पूर्व में पहले 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो आरोपी रोनक व कृष्णा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटीमें सेक्टर-46 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह सतरूपा ग्लोबल डिक्शनरी एंड पब्लिशिंग (ओपीसी) लिमिटेड कंपनी की मालिक है, 29 सितंबर को उसके फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वालों ने एक-एक करके बात की और कॉल को कई व्यक्तियों को अग्रेषित किया, जिन्होंने शिकायतकर्ता से कहा कि उसकी कम्पनी खाता से अवैध पैसे का लेन-देन है और ठगों ने उसके व्हाट्सएप पर अवैध पैसे के लेन-देन बारे एक नोटिस भेजा। नोटिस पढ़ने के बाद वह परेशान और भयभीत हो गया, क्योंकि कोई भी दावा सच नहीं था। जिसके बाद ठग लगातार शिकायतकर्ता को वीडियो कॉल करते रहे तथा धमकी देते थे कि वह किसी को भी स्थिति के बारे खुलासा ना करे और ना ही अपना कमरा छोड़े, अपने नौकरों को निकाल दे । ठग लगातार वीडियो कॉल के जरिए शिकायतकर्ता पर निगरानी करते रहे और हर समय चेहरा देखते रहे। ठगों ने महिला को डरा धमका कर 1 करोड़ 3 लाख 70 हजार रुपए अपने खाता में ट्रांसफर करवा लिए। जिनकी शिकायत साइबर थाना एनआईटी में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी रोनक निवासी राजकोट व कृष्णा निवासी भावनगर गुजरात को राजकोट गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रोनक दसवी पास है और सब्जी मंडी में दुकान लगाता है तथा खाताधारक है तथा इसके खाता में मामले से जुडे 16 लाख रुपए आए थे।

**दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड**

**ई-निविदाएं आमंत्रित करने की सूचना**

दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड (दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

निविदा संख्या T24P111771 : डीटीएल तकनीकी विनिर्दिष्टों के अनुसार पावर ट्रांसफॉर्मर के लिए 245 केवी 800 ए 300 बीसीटी ओआईपी बुशिंग की खरीद।

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट देखें:- https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी संख्या: 2025_DTL_269675) डीटीएल यूनिक नंबर DTL-9535-180325 के साथ।

बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 14.04.2025 अप. 1.30 बजे।

**उपरोक्त ई-निविदाओं से संबंधित सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन/ विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, केवल उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही प्रदर्शित किए जाएंगे।**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/इएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएनएल | ओपी सर्कल फरीदाबाद के तहत ओपी सब डिवीजन मेवात ग्रेटर फरीदाबाद हेतु कार्यालय भवन को किराये पर लेना। | 27.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1292233277 sefodi@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएनएल | 9 मीटर लम्बे पीसीसीस पोल्स की आपूर्ति। | 11.02.2025 02.04.2025 | 52.40 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7496959566 semm@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएनएल | सिंगल फेस होल करंट स्टेटिक एनर्जी मीटर। | 21.03.2025 15.04.2025 | 58.40 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/60/33177/1/88/7 दि. 21.03.25

### उत्सव के अंतिम दिन दो विशिष्ट प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

# भारतेंदु नाट्य उत्सव में रंगमंचीय वैभव का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साहित्य कला परिषद और दिल्ली सरकार के सहयोग से आयोजित भारतेन्दु नाट्य उत्सव 2025 का भव्य समापन तीन दिनों की अद्भुत नाट्य प्रस्तुतियों के साथ हुआ। मंडी हाउस स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में आयोजित इस उत्सव में देश के प्रतिष्ठित नाटककारों, निर्देशकों और रंगमंच कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मंत्री कपिल मिश्रा ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा, भारतेन्दु नाट्य उत्सव भारतीय रंगमंच की उत्कृष्टता का प्रतीक बन गया है। इस तरह के उत्सव हमारी रंगमंचीय विरासत को सुदृढ़ करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करते हैं। उत्सव की शुरुआत ऐतिहासिक नाटक छत्रपति शिवाजी महाराज से हुई, जिसे वरुण शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया था। नाटक में मराठा नौसेना की स्थापना, आगरा से उनका साहसिक पलायन और उनकी गुरिल्ला युद्ध नीति के प्रमुख क्षणों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। न्याय और धार्मिक सहिष्णुता के प्रति उनकी दृष्टि और उनकी जनता के प्रति गहरी निष्ठा ने दर्शकों को प्रेरित किया। प्रभावशाली संवाद, सशक्त अभिनय और ऐतिहासिक माहौल ने इस नाटक को अविस्मरणीय बना दिया।



### भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पर कटाक्ष किया

*उत्सव के अंतिम दिन दो विशिष्ट प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोपहर सत्र में दिव्यांशु कुमार द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक दार्जिलिंग वेनम मंचित हुआ, जिसे क्षितिज थिएटर ग्रुप ने प्रस्तुत किया। यह नाटक शेक्सपीयर के हैमलेट का आधुनिक रूपांतरण था, जिसमें दार्जिलिंग के अभिजात्य वर्ग की पृष्ठभूमि में सत्ता, विश्वासघात, महत्वाकांक्षा और प्रतिशोध की गहन कहानी प्रस्तुत की गई। सशक्त अभिनय, भावनात्मक गहराई और प्रभावशाली मंच सज्जा ने इसे उत्सव का प्रमुख आकर्षण बना दिया। उत्सव का समापन मराठी लोकनाटक विचा माझी पुरी करा के हिंदी रूपांतरण सैंया भए कोतवाल के साथ हुआ। जिसे वसंत साबनीस ने लिखा और उषा बनर्जी ने अनुवादित किया। बसब भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित और न्यू दिल्ली परफॉर्मर्स कल्चरल एंड ड्रामेटिक सोसायटी द्वारा मंचित इस नाटक ने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पर कटाक्ष किया।*

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मो. हुसैन उर्फ मो. हसन पुत्रः जमसेद, पता:** मकान नं. सी-848, गली नं. 5/5, बाबू नगर, दयालपुर, दिल्ली, **CC No. 1566/2017, DD No. 8A/2017 State V/s Mohd. Hussain,** थाना: मधु विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. हुसैन उर्फ मो. हसन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. हुसैन उर्फ मो. हसन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **CC No. 1566/2017, DD No. 8A/2017 State V/s Mohd. Hussain,** थाना: मधु विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो. हुसैन उर्फ मो. हसन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**उद्‌भव कुमार जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04**
**कमरा नं. 13, दूसरी मंजिल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3328/ED/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय पुत्र परशूराम निवासी मकान नं. सी-7ए, गली नं. 9, शालीमार गांव, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **23659/18 अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना मौर्या इन्कलेव, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **23659/18 अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना मौर्या इन्कलेव, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
अति. मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
(उत्तर-पश्चिम), कमरा नं. 101
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3566/NW/2025**
**(Court Matter)**

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को दी चेतावनी, किसी भी हाल में कामचोरी नहीं की जाएगी बर्दाश्त

# लापरवाही बरतने पर कार्यकारी अभियंता को निलंबित करने का दिया आदेश : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने पूर्वी दिल्ली में तैनात एक कार्यकारी अभियंता के निलंबन के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मंत्री ने निरीक्षण के दौरान एक नाले की बदतर स्थिति पाई। मंत्री ने पटपड़गंज क्षेत्र में सड़कों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पाया कि एनएच 9 (सर्विस लेन), जिसे एनएच 24 के नाम से भी जाना जाता है, के किनारे बने नाले बुरी हालत में थे और कोई सफाई या रखरखाव कार्य नहीं किया जा रहा था। इस दौरान मंत्री सिंह ने कहा कि पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी है कि वह इन नालों की सफाई और रखरखाव करे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि मैंने इस लापरवाही के लिए संबंधित अभियंता के निलंबन का आदेश दिया है।



लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में अधिकारी 'मोटी चमड़ी' के हो गए हैं और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो चुके हैं। अब सख्त निगरानी और जवाबदेही लागू की जाएगी। इसके बाद मंत्री ने न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से होते हुए त्रिलोकपुरी के छीला गांव और पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के अन्य इलाकों में सड़कों और नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि नाले खराब स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। सिंह ने अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने और जलभराव व सफाई की समस्या को हल करने के निर्देश दिए। मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखें, लेकिन जमीनी हालात बेहद खराब हैं। दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। प्रवेश वर्मा ने सभी वरिष्ठ पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को विश्वस्तरीय सडक़ों और बुनियादी ढांचे की जरूरत है। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जो इसका पालन नहीं करेंगे, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### बनाए गए नए नियम

- रोजाना सुबह 9 :30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक, शनिवार सहित, फील्ड निरीक्षण अनिवार्य
- निरीक्षण रिपोर्ट को तस्वीरों के साथ पीडब्ल्यूडी ई-मानिटरिंग ऐप पर अपलोड करना जरूरी
- नियमों का पालन नहीं करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### अधिकारियों के लिए रोजाना निरीक्षण अनिवार्य

अब पीडब्ल्यूडी ने सभी फील्ड अधिकारियों, जिसमें जूनियर इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और कार्यकारी अभियंता शामिल हैं, के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे रोजाना सडक़ निरीक्षण करें और पीडब्ल्यूडी ई-मानिटरिंग ऐप पर रिपोर्ट के साथ तस्वीरें अपलोड करें। विभाग ने यह पाया है कि अधिकारी सड़कों में गड्ढों, टूटे फुटपाथों, अतिक्रमण और अन्य खामियों की रिपोर्टिंग नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों द्वारा अनिवार्य ई-मानिटरिंग सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा रहा है। यह लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने साफ कर दिया है कि यह सिर्फ शुरुआत है। अब पीडब्ल्यूडी पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करेगा, अन्यथा सख्त कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहे।

## सूरज के हो रहे तेवर कड़े, पसीना बहना शुरू

**नई दिल्ली।** होली के बाद तेजी से दिल्ली के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी सूरज की तीखी धूप तो कभी बादलों के छाने से हल्की ठंडक। इसी कड़ी में अब दोपहर के समय सूरज के तेवर कड़े होने लगे है, वहीं हवा की गति भी कम होने से लोगों का पसीना बहने लगा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में मौसम शुष्क रहा। अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.5 डिग्री ज्यादा है। लेकिन इसके बाद भी दोपहर के समय सूरज की तपिश अहसास करवा रही थी कि पारा 35 डिग्री से ऊपर हो सकता है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य स्तर है। आईएमडी ने दिल्ली में सबसे ज्यादा अधिकतम पारा रिज एरिया में 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि लोधी रोड में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि वीकेंड यानी रविवार से सूरज और कड़े तेवर लिए होगा जिससे तापमान में करीब दो डिग्री या इससे भी अधिक की बढ़त देखने को मिल सकती है। यानी की रविवार व इससे अगले एक दो दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।




## सौरभ बने 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक, सिसोदिया पंजाब के प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने अपने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए सौरभ भारद्वाज को दिल्ली प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। वहीं मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया। उधर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रहे गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी और दुर्गेश पाठक को गुजरात का सह प्रभारी नियुक्त किया। इनके अलावा राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक को छत्तीसगढ़, और पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। जबकि अंकुश नारंग, आभाष चंदेला व दीपक सिंगला को गोवा का सह प्रभारी नियुक्त किए गए। वहीं मेहराज मलिक को जम्मू एवं कश्मीर का अध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार को 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में इन बदलावों पर मुहर लगी। अरविंद केजरीवाल ने नई जिम्मेदारियां मिलने पर सभी को शुभकामनाएं दी है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि अरविंद केजरीवाल ने मुझे पंजाब के प्रभारी के रूप में काम करने की जिम्मेदारी दी है। मैं पिछले कुछ दिनों के अनुभव से कह सकता हूं कि पंजाब के लोगों ने तीन साल पहले अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी को मौका दिया और भगवंत मान को मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद से पंजाब में बहुत काम हुए हैं। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी देने के लिए राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पीएसी के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को और मजबूत करेंगे।

## भाजपा के मंत्री हर काम में मांग रहे 10 प्रतिशत कमीशन : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार के अफसरों के साथ भाजपा के मंत्रियों द्वारा अपशब्द करने का मामला सामने आने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। 'आप' की वरिष्ठ नेता और नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा के मंत्री दिल्ली सरकार के अफसरों से हर काम में 10 फीसदी कमीशन मांग रहे हैं। इससे परेशान होकर कई अफसर अपना ट्रांसफर भारत सरकार या दिल्ली से बाहर कराने का प्रयास कर रहे हैं। कई अफसर हमें फोन कर बता रहे हैं कि कमीशन देने का विरोध करने पर मंत्री उन्हें सस्पेंड कराने की धमकी भी दे रहे हैं। आतिशी ने कहा कि सरकार बने अभी एक महीना ही हुआ है और भाजपा के मंत्री अफसरों को अपशब्द कह रहे हैं। जबकि इन्हीं अफसरों ने 10 साल में विपरित परिस्थितियों के बाद भी दिल्ली को विश्वस्तरीय स्कूल-अस्पताल व मोहल्ला क्लीनिक दिया, सिग्नेजर ब्रिज और 38 फ्लाईओवर बनाए। नेता विपक्ष आतिशी ने शुक्रवार को प्रैसवार्ता में कहा कि हमें दिल्ली सरकार के अलग-अलग के फील्ड अफसरों से लेकर सीनियर लेवल के आईएएस अधिकारी फोन कर-करके बता रहे हैं कि भाजपा की दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने उनसे कमीशन मांगना शुरू कर दिया है।

## भाजपा ने की कमीशन मांगने वाले आरोप की निंदा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आप नेता आतिशी मार्लेना द्वारा एक सोशल साइट् पोस्ट में भाजपा नेताओं पर कमीशन मांगने के आरोप की कड़ी भर्त्सना की है। सचदेवा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी या तो माफी मांगे या कानूनी कार्रवाई का सामना करने को तैयार रहें। अगर 'आप' सरकार ईमानदार थी तो आखिर क्यों दिल्ली के लगभग सभी तत्कालीन मंत्री एवं खुद अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल एवं बेल झेल रहे हैं।


## लिंग जांच के खिलाफ उठाया कदम, डायग्नोस्टिक केंद्रों की निगरानी के लिए पोर्टल शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार ने लिंग जांच के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए डायग्नोस्टिक केंद्रों की निगरानी के लिए एक पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक दिवसीय 'स्टेट लेवल वर्कशॉप ऑन द इफेक्टिव इम्प्लीमेंटेशन ऑफ़ पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट' कार्यशाला में लांच किया। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर, पीसी एंड पीएनडीटी के नोडल अधिकारी, इस क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे। सभी ने इस अधिनियम के सख्त क्रियान्वयन और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यशाला में महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान, विचार-विमर्श और बेहतरीन कार्यप्रणाली को साझा किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि **https://pcpndt. delhi.gov.in/** पोर्टल के लॉन्च होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और कानून का पालन होगा। यह पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पोर्टल रियल टाइम में डायग्नोस्टिक केंद्रों की निगरानी करेगा, जिससे मैन्युअल प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम से बदलकर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस पोर्टल के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी डायग्नोस्टिक सेंटर कानून का पालन करें और अल्ट्रासाउंड तकनीक का दुरुपयोग लिंग जांच में ना हो। यह पोर्टल अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों के लिए फॉर्म-एफ ऑनलाइन भरने, लोगों के लिए शिकायत दर्ज करने, जांच और कार्रवाई की डिजिटल निगरानी करने और नियमों के पालन की रियल टाइम जानकारी देने की सुविधा देगा। इससे सरकार को डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर निगरानी रखना और नियम लागू करना आसान और असरदार होगा।

## भूमिगत जलाशय नहीं पहले हरियाणा सरकार से यमुना में पानी छोड़ने पर बनाए सहमतिः देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में गर्मियों के दौरान जल संकट न हो इसके लिए सीएम रेखा गुप्ता से कहा है कि सबसे पहले हरियाणा सरकार से बातचीत करके यमुना नदी में प्रर्याप्त पानी छुडवाएं। उसके बाद चाहिए कि भाजपा सरकार भूमिगत जलाश्य पर बात करें, ताकि गर्मियों के दौरान दिल्ली वालों को जल संकट का समाना न करना पड़े। उन्होंने जल मंत्री प्रवेश वर्मा के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह भी आम आदमी पार्टी की तरह टैंकर माफिया को बढ़ावा देने वाला कदम उठाने की और बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने कहा है कि जल वितरण स्थलों की सूची बनाकर उचित दस्तावेजीकरण किया जाए और जलापूर्ति को मजबूत बनाने के लिए टैंकरों की ट्रिप संख्या बढ़ाकर 16 प्रतिदिन किया जाए। यह कदम टैंकर माफियाओं के लिए वरदान साबित होगी। यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की दिल्ली सरकार के जल मंत्री वर्मा अंडरग्राउंड जलाशयों यूजीआर से जल प्रवाह की निगरानी पर जोर दे रहे है और पानी की बर्बादी और राजस्व के नुकसान के आंकलन करने की बात कह रहे है। मैं पूछना चाहता हु जब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और हरियाणा में भी है।





# दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की 'किंगडम'

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंगडम' 30 मई को रिलीज होगी। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि 'किंगडम' को दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन अब फिल्म के निर्माता नामा वामसी ने आखिरकार इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। नागा वामसी ने रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, 'हमने कहानी को केवल दो-भाग की फ्रेंचाइजी बनाने के लिए नहीं बढ़ाया। फिल्म में दो भागों में रिलीज होने की गुंजाइश और पैमाना है।' उन्होंने आगे कहा कि किंगडम स्क्रीनप्ले, लॉजिक, भव्यता और एक्शन के मामले में सभी कसौटियों पर खरा उतरता है।

## लाइफ Style

# तमन्ना

## ब्रेकअप की अफवाहों के बीच खुद को किया मोटिवेट

इन दिनों तमन्ना भाटिया अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने ब्रेकअप की अफवाह को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि उनका और अभिनेता विजय वर्मा का ब्रेकअप हो चुका है। अब तक अभिनेत्री ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधी हुई है। लेकिन हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में वह खुद को ही मोटिवेट करती नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा काफी समय से डेट कर रहे थे, इनकी शादी करने की खबर भी बीच में सुनने को मिली। फिर अचानक इनके ब्रेकअप की अफवाह और खबरें सामने आने लगीं। अब तक इस मुद्दे पर अभिनेत्री ने खुलकर कुछ नहीं कहा है, लेकि,न वह इशारों-इशारों में काफी कुछ कह रही हैं। इसके लिए सोशल मीडिया पोस्ट का भी सहारा लेती हैं। हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना ने एक पोस्ट साझा की, इसमें वह काफी मोटिवेशनल बात करती दिखीं। एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने के लिए तमन्ना ने सफेद रंग की एक खूबसूरत ड्रेस पहनी। इस ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इन फोटो के साथ अभिनेत्री ने संदेश लिखा- 'यह रंग मुझे याद दिलाता है कि आकाश की कोई सीमा नहीं है।'

इस मैसेज के जरिए वह खुद को शायद मोटिवेट कर रही हैं। अपने ब्रेकअप की अफवाह के बीच ही तमन्ना ने होली का त्योहार भी मनाया, साथ ही अपने दोस्तों संग पार्टी भी की। पिछले दिनों होली पर भी तमन्ना भाटिया रवीना टंडन के घर पहुंचीं। इसके अलावा वह रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ पार्टी करती भी दिखीं। तमन्ना भाटिया इस साल कुछ फिल्मों में भी नजर आएंगी। जल्द ही उनकी एक फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# नताशा की नहीं होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** स्कारलेट जोहानसन और मार्वल के फैंस के दिलों में ब्लैक विडो आज भी बसती है। यही कारण है कि जहां मल्टीवर्स के कारण पुराने किरदार लौट रहे हैं। एजेंट नताशा रोमनॉफ की वापसी की भी खूब चर्चा रही है। अब खुद स्कारलेट जोहानसन ने इस पर चुप्पी तोड़ी दी है। 40 साल की स्कारलेट जोहानसन ने एक इंटरव्यू में कहा, 'नताशा मर चुकी है। हां, वो मर चुकी है। ठीक है?' एक्ट्रेस ने साफ शब्दों में कहा है वह फैंस से यही कहना चाहेंगी कि अब नताशा की वापसी नहीं होगी।



# आठ साल बाद पति से अलग हो रहीं ली सी यंग

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्ट्रेस ली सी यंग ने कथित तौर पर अपने आठ साल लंबे वैवाहिक जीवन के बाद पति से तलाक लेने के लिए अर्जी दी है। के-मीडिया समाचार आउटलेट वाईटीएन के मुताबिक 'स्वीट होम' के-ड्रामा स्टार और उनके पति मिस्टर जो, जो कि एक रेस्तरां के मालिक हैं। दोनों ने इस साल की शुरुआत में सियोल फैमिली कोर्ट में तलाक की कार्यवाही के लिए दस्तावेज जमा किए थे। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों के बीच तलाक की प्रक्रिया अब अंतिम रूप ले रही हैं, क्योंकि माना जाता है कि तलाक की मुख्य शर्तों पर सहमति बन गई है। 42 वर्षीय अभिनेत्री ने साल 2017 में मिस्टर जो से शादी की। नौ साल की उम्र के अंतर वाले इस जोड़े ने अपनी शादी के अगले साल एक बेटे को जन्म दिया। कोरियाई अभिनेत्री की तलाक के बारे में 'एस फैक्ट्री' ने भी दोनों के तलाक की पुष्टि की।



# बॉयफ्रेंड पर खुलेआम प्यार लुटाते दिखीं

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। ऐसी खबर आ रही है कि वह राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों कई बार साथ में स्पॉट भी हुए हैं। यहां तक कि श्रद्धा सोशल मीडिया पर भी राहुल के साथ फोटोज शेयर करती हैं। अब एक्ट्रेस की राहुल के साथ एक क्लिप वायरल हो रही है जिसमें दोनों के बीच रोमांटिक मोमेंट नजर आ रहे हैं। दरअसल, एक क्लिप सामने आया है जिसमें श्रद्धा और राहुल गाड़ी की तरफ जाते हैं और उसके बाद एक-दूसरे को बाय बोलते हुए हग करते हैं। दोनों के इस रोमांटिक मोमेंट को देख फैंस दोनों को लेकर प्यारे कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, फैंस तो इसकी उम्मीद भी कर रहे हैं कि दोनों शायद जल्द शादी करने वाले हैं। एक ने कमेंट किया राहुल की आरोही। एक ने लिखा, स्त्री और पुरुष। एक ने लिखा लगता है जल्द शादी करने वाले हैं।



# 'किक' के सीक्वल को लेकर हैं उत्साहित

**मुंबई।** जैकलिन फर्नांडीस साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के दूसरे पार्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई है। उनके मुताबिक फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। यह फिल्म साल 2009 में आई तेलुगु फिल्म 'किक' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडीस के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रणदीप हुड्डा भी थे। जैकलिन ने कहा 'मैं इस फ्रेंचाइज को लेकर बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर साजिद नाडियाडवाला या सलमान खान इसकी तस्दीक करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि ये फिल्म जल्दी बने, क्योंकि 'किक' को लोगों से खूब प्यार मिला था। इस फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी थी।' जैकलिन ने 'मर्डर 2', 'रेस 3' और 'ढिशूम' जैसी फिल्मों में काम किया है। साल 2025 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं।

## टीवी मसाला



# 'अनुपमा' की जगह बरकरार तारक मेहता ने मारी लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से रुपाली गांगुली वाला सीरियल 'अनुपमा' पहले स्थान पर बना हुआ है। इस बार की टीआरपी लिस्ट में भी यह पहले ही स्थान पर है। इसने अपनी जगह को बरकरार रखा है। इस हफ्ते सीरियल 'अनुपमा'की टीआरपी 2.4 है। सीरियल में मनीष गोयल ने एक नए किरदार में एंट्री की है, जिससे कहानी में नए मोड़ आए हैं। इस कारण दर्शक सीरियल से जुड़े हुए हैं। कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'भी अच्छी टीआरपी हासिल करता था। लेकिन कुछ समय से इसकी टीआरपी कम हो रही थी। हाल ही में इस सीरियल ने एक लंबी छलांग लगाई है। इस बार की टीआरपी लिस्ट में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दूसरे स्थान पर है, इसकी टीआरपी 2.3 है। सीरियल 'उड़ने की आशा' और 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' तीसरे और चौथे स्थान पर है। दोनों की टीआरपी लगभग 2.2 रही है। 'उड़ने की आशा' में लीड रोल में कंवर ढिल्लों और नेहा हरसोरा हैं। पांचवें और छठे स्थान पर 'झनक' और 'मंगल लक्ष्मी-लक्ष्मी का सफर' जैसे सीरियल हैं, इनकी टीआरपी रेटिंग 1.8 रही। दोनों की टीआरपी में बहुत कम ही अंतर है। वहीं सातवें और आठवें स्थान पर 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' और 'जादू तेरी नजर' जैसे सीरियल रहे हैं। इनकी टीआरपी भी लगभग 1.7 रही है। वहीं टॉप टेन में 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' सीरियल ने भी जगह बनाई है, इसकी टीआरपी 1.3 रही है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में बवाल काटने आ रहा है पारस छाबड़ा

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के फेमस स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' को लेकर इस वक्त काफी बज बना हुआ है। हर कोई बड़ी ही बेसब्री से इस शो के शुरू होने का इंतजार कर रहा है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' में इस बार ज्यादातर नाम बिग बॉस से जुड़ी लोगों के सामने आ रहे हैं। बिग बॉस 18 के कई कंटेस्टेंट के नाम अब तक सामने आ चुके हैं। ऐसे में अब बिग बॉस ताजा खबर की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित शेट्टी के शो के लिए बिग बॉस 13 के एक्स कंटेस्टेंट रहे पारस छाबड़ा को अप्रोच किया गया है। बिग बॉस के घर में पारस में जमकर हंगामा काटा था। पारस छाबड़ा इन दिनों अपने पॉडकास्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। पॉडकास्ट के दौरान ही पारस ने इस बात का खुलासा किया था कि उन्हें खतरों के खिलाड़ी के पिछले कई सीजन के लिए ऑफर मिले, लेकिन उन्होंने करने से मना कर दिया था।




# 18 अप्रैल को रिलीज होगी 'केसरी चैप्टर 2'



**मुंबई।** अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'केसरी' ने शुक्रवार 21 मार्च को छह साल का सफर पूरा कर लिया। यह फिल्म साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और हिट रही। अब इसका सीक्वल भी आ रहा है। 'केसरी' की रिलीज पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' की झलक शेयर की है। फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में अक्षय कुमार के अलावा आर. माधवन भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। यूं तो फिल्म को मार्च में होली के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन मेकर्स ने रिलीज डेट बदल दी। अब यह 18 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। भले ही फिल्म का नाम 'कैसरी चैप्टर 2' है, लेकिन 2019 की 'केसरी' की कहानी से इसका लेना-देना नहीं है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जो केसरी का है। इसके साथ लिखा है, 'नया युद्धा, लेकिन जोश और आग वही'। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'केसरी' के छह साल पूरे होने का जश्न। केसरी के जज्बे का जश्न और साथ ही नए चैप्टर का जश्न, जो जल्द शुरू हो रहा है। अक्षय कुमार के इस पोस्ट पर यूजर्स सीक्वल के प्रति उत्साह जता रहे हैं और लिख रहे हैं बेसब्री से फिल्म का इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षय कुमार का दौर कभी खत्म नहीं होगा'। एक यूजर ने लिखा, 'ब्लॉकबस्टर लोडिंग'। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म 'केसरी' में अक्षय कुमार के साथ परिणीति चोपड़ा भी नजर आईं। करीब 100 करोड़ रुपए बजट में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 155.70 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया।

# इन भारतीय फिल्मों में दिखाई गई अंतरिक्ष की झलक, लोगों को अच्छी लगी कहानी

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर हाल ही में अंतरिक्ष से धरती पर वापस लौटे हैं। ये दोनों बीते साल जून में महज आठ दिनों के लिए अंतरिक्ष में गए थे लेकिन वह नौ महीने बाद धरती पर वापस आए। दरअसल, जो यान उन्हें धरती पर वापस लाने वाला था वह खराब हो गया था। ऐसे मौके पर हम आपको उन भारतीय फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिसमें अंतरिक्ष के बारे में दिखाया गया है।



### जीरो

यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख खान और अनुष्का शर्मा अहम किरदार में थे। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। फिल्म में अनुष्का शर्मा ने एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक का किरदार निभाया है। फिल्म में अंतरिक्ष के बारे में दिखाया गया है।

### मिशन मंगल

'मिशन मंगल' फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, विद्या बालन और सोनाक्षी सिन्हा अहम किरदार में थे। फिल्म में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों की कहानी दिखाई गई है। इन लोगों ने मंगल मिशन में योगदान दिया था।

### रॉकेट्री

'रॉकेट्री' फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आर. माधवन ने लिखा था और इसका निर्देशन किया था। यह फिल्म अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक नांबी नारायण की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में भी अंतरिक्ष की झलक दिखाई गई है।

### कोई मिल गया

'कोई मिल गया' फिल्म साल 2003 में आई थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा थीं। फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। फिल्म में अंतरिक्ष से आए एलियन को दिखाया गया था। 'कृष', और 'कृष 3' इसी की अगली कड़ी हैं।

### कार्गो

'कार्गो' फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में विक्रांत मेसी और श्वेता त्रिपाठी अहम किरदार में थे। फिल्म में अंतरिक्ष के बारे में दिखाया गया है। फिल्म में एक खास जहाज के बारे में दिखाया गया है। इसमें मरने के बाद दोबारा जिंदा होने की कहानी दिखाई गई है।

# 'जय संतोषी मां' से घर-घर में छाईं कनन कौशल

## ब्लॉकबस्टर फिल्म देने पर भी फीका रहा कॅरियर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कनन कौशल ने 21 मार्च को अपना 86वां जन्मदिन मनाई। कनन मुख्य रूप से मराठी सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 1975 की बॉलीवुड हिट 'जय संतोषी मां' में सत्यवती व्यास की भूमिका के लिए पहचान हासिल की। अभिनेत्री का असली नाम इंदुमती पैगनकर है, जिन्हें बाद में कनन कौशल के नाम से जाना गया।

### कई भाषा की फिल्मों में नजर आईं कनन

कनन कौशल का जन्म 21 मार्च, 1939 को बड़ौदा में इंदुमती शेठ के रूप में हुआ था। 'गोमांतक मराठा' समुदाय से आने वाली कनन ने अपना करियर मंच से शुरू किया और फिल्मों में आने से पहले थिएटर में बड़े पैमाने पर काम किया। कनन कई मराठी, गुजराती, भोजपुरी और हिंदी-मराठी फिल्मों में दिखाई देती थीं। अब उन्होंने सिनेमा से दूरी बना ली है।



### कई दिग्गज सितारों के साथ किया काम

*वह 1963 में फिल्म इंडस्ट्री में शामिल हुईं और बदतमीज (1966) जैसी फिल्मों में सहायक भूमिकाएं निभाईं, जहां उन्होंने शम्मी कपूर की बहन, परदेसी (1970), घूंघट (1971), मेला (1971) और ये गुलिस्तान हमारा (1972) में भूमिका निभाई। उन्होंने संजीव कुमार के साथ जिगर अने अमी (1970), धरती ना छोरू (1970), गुणसुंदरी नो घर संसार (1972) और असरानी के निर्देशन में बनी अमदावद नो रिक्शावालो (1974) जैसी गुजराती फिल्में भी कीं, जो एक कल्ट फिल्म बन गई। उनकी कुछ प्रसिद्ध मराठी फिल्में हैं, जिनमें राजा शिव छत्रपति (1974), वराट (1975), पाहुनी (1976) और चंद्र होता साक्षीला (1978) शामिल हैं।*

### एक फिल्म से घर घर में छाईं कनन

1975 में एक छोटी सी फिल्म आई 'जय संतोषी मां', जो मामूली बजट की थी और अज्ञात कलाकारों वाली फिल्म थी। यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। इसमें मुख्य भूमिका निभाकर कनन घर-घर में मशहूर हो गईं और उन्हें इंडस्ट्री में भी खास पहचान मिली। हालांकि, इसके बावजूद उनका कॅरियर कुछ खास नहीं चमक पाया। दरअसल, कनन को उम्मीद थी कि 'जय संतोषी मां' की बड़ी सफलता के बाद उन्हें अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वह चरित्र भूमिकाओं और पौराणिक फिल्मों में काम करती रहीं। उनकी कुछ बेहतरीन फिल्मों में माया मच्छिन्द्रा (1975), बिदाई (1974), राम भरोसे (1977), जय द्वारकाधीश (1977), जय गणेश (1978), मान अपमान (1979), घर की लाज (1979), संत ज्ञानेश्वर (1983), भगवान दादा (1986), जाग उठा इंसान (1984), तूफान (1989), सनम आप की खातिर (1992) और जीवन दाता (1991) जैसी फिल्में शामिल हैं। कनन कौशल 1990 के दशक की शुरुआत तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहीं, इसके बाद उन्होंने सिनेमा से दूरी बना ली।

# इंडो-अमेरिकन फिल्म के लिए साथ आए मनोज-राणा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी साउथ सुपरस्टार राणा दग्गुबाती द्वारा निर्मित अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी की आने वाली अनाम फिल्म में नजर आएंगे। पिंजर (2003) की रिलीज के बाद मनोज बाजपेयी अभिनेता फ्रैंक लैंगेला के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन यह प्रोजेक्ट सफल नहीं हुआ। दो दशक से अधिक समय बाद मनोज बाजपेयी ने अपनी फिल्मोग्राफी में एक इंडो-अमेरिकन फिल्म को जोड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता अब अमेरिकी फिल्म निर्माता बेन रेखी द्वारा निर्देशित एक अनाम हिंदी सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म का निर्माण राणा दग्गुबाती ने किया है, जो मनोज बाजपेयी के साथ उनका पहला सहयोग है। यह कथित तौर पर मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म भी होगी। बेन रेखी इस अनाम नाटक की कहानी लिखी है। यह कहानी मनोज बाजपेयी द्वारा अभिनीत एक आम आदमी पर आधारित है, जिसकी पारिवारिक कठिनाइयां उसे एक उद्देश्य के लिए लड़ने के लिए मजबूर करती हैं।

## खबर संक्षेप

### झारखंड में 10 जिलों में भारी ओलावृष्टि और बारिश



**रांची।** झारखंड के 10 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। राज्य में ठनका गिरने की घटनाओं में चार की मौत हो गई। पलामू, गुमला, लोहरदगा व देवघर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं चतरा में वज्रपात के दौरान शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। अगले तीन दिन तेज बारिश अलर्ट जारी किया गया।

# राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़े तो कोई समस्या नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या दौरे पर हैं। यहां पहुंचते ही सबसे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किए। अपने एक दिवसीय दौरे में वह कई कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में नए नेतृत्व के उदय के साथ ही अब दुनिया नये भारत की बात करने लगी है। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है। ये सिर्फ एक दशक पहले की ही बात है। उत्तर प्रदेश और भारत के लोग दुनिया में कहीं जाते थे तो खुद को भारतीय कहने पर थोड़ा संकोच करते थे पर अब गर्व से खुद को भारतीय कहते हैं क्योंकि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इसी तरह यूपी के लोग कहीं बाहर जाने पर खुद को उत्तर प्रदेश का बताने पर संकोच करते थे पर अब वो गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का नागरिक बताते हैं। सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या के राजसदन में दो दिवसीय साहित्य उत्सव टाइमलेस अयोध्या का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं एक बार यूरोप गया था और वहां पर घूमने निकला और एक टैक्सी पर बैठा। मुझे टैक्सी वाला भारत का निवासी लगा। मैंने पूछा कि कहां के हो तो उसने कहा पंजाब का। मैंने पूछा पंजाब में कहां से तो चुप हो गया... फिर बताया कि पाकिस्तान से हैं। उसने मुझे बताया कि भारत का बताने पर हम यहां पर सेफ महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि ये भारत की ताकत है।

अयोध्या में बोले सीएम योगी




### युवाओं को वितरित किया 47 करोड़ का ऋण

*मुख्यमंत्री योगी रामकथा पार्क पहुंचे और मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत आयोजित स्टार्टअप प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया और उनसे उद्यम अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या दौरे पर हैं। सुबह करीब सवा 10 बजे उनका हेलीकॉप्टर अयोध्या के रामकथा पार्क में लैंड हुआ। यहां से वह रामलला का दर्शन करने के लिए रवाना हो गए। उन्होंने पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। आज करीब साढ़े चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा पैलेस राज सदन में दो दिनों तक चलने वाले साहित्य उत्सव टाइमलेस अयोध्या का शुभारंभ किया।*

### वसूली के कारण किए गए निलंबित

# आईएएस अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच करेंगे विजिलेंस अफसर

एजेंसी ⏭ लखनऊ

एसएईएल सोलर पॉवर कंपनी का प्रोजेक्ट मंजूर करने के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए गए इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच की जाएगी। जानकारी के मुताबिक नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में गृह विभाग को पत्र भेज दिया है। आईएएस अभिषेक प्रकाश पर एसएईएल सोलर पॉवर कंपनी का प्रोजेक्ट मंजूर करने के लिए घूस मांगने का आरोप है। इस मामले में सोलर कंपनी की ओर से राजधानी के गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराने के साथ गोमतीनगर के विराम खंड निवासी बिचौलिए निकांत जैन को हुसड़िया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि बात करने के बाद उनका मामला एम्पावर्ड कमेटी



और कैबिनेट में तुरंत अनुमोदित हो जा ए गा । उनके कहने पर मैंने जैन नामक व्यक्ति से बात की, जिसने 5 फीसद कमीशन देने की बात कही और एडवांस मांगा। मेरे ग्रुप के मालिक इस प्रोजेक्ट को लगाने के लिए सीएम से मिल चुके थे, जिसकी वजह से मैंने पैसा देने से मना कर दिया। मुख्य सचिव से शिकायत के बाद जब इस प्रकरण की गोपनीय जांच कराई गई तो आरोप सही पाए गए। जिसके बाद पूरे प्रकरण से सीएम को अवगत कराया गया। सीएम ने तत्काल इंवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश को निलंबित करने और पूरे प्रकरण की जांच के लिए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

# दो गुटों में झड़प एक-दूसरे पर चप्पल और पानी फेंका

### जुमे की नमाज के दौरान बरेली में बवाल

एजेंसी ⏭ बरेली

यूपी के बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट और ईट-पत्थर चलने लगे। जिससे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं, मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये मामला भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंबरपुर का है। जहां जुमे की नमाज के दौरान प्रधान पति सोहराब खां और पूर्व प्रधान गुटों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद



हिसंक रूप ले लिया। दोनों गुटों के बीच सड़क पर जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडों से मारपीट और ज म क र पथराव हुआ। इस संघर्ष में चार लोग घायल हो गए। उधर, मारपीट की खबर मिलते ही पुलिस भी सक्रिय हो गई। आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### दोनों ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज

*पुलिस ने बताया दोनों पक्षों में नमाज के दौरान एक पक्ष द्वारा नमाजियों की चप्पल फेंकने व दूसरे पक्ष द्वारा नमाजियों पर पानी फेंक देने के कारण झगड़ा हुआ था। इस मामले में दोनों ओर से थाना रिपोर्ट दर्ज की गई। वहीं, पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है।*

### दो युवकों को गोलियों से भूना,ढाई घंटे बाद मिली लाश

**गाजीपुर।** यहां खानपुर थाना क्षेत्र के उचौरी मलहिया बागीचे में शुक्रवार की सुबह दो बाइक पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दो युवकों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर शव को रख चक्काजाम कर दिया।डीएम और एसपी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गए। एसपी सिटी और पुलिस काफी मनौव्वल में जुटी हुई थी।

## पेज एक का शेष

### दूसरी ओर अग्निशमन...

डीएफएस प्रमुख ने बताया कि आग बुझाने के तुरंत बाद हमने पुलिस को आग की घटना की सूचना दी। इसके बाद दमकलकर्मियों की एक टीम मौके से चली गई। हमारे दमकलकर्मियों को आग बुझाने के दौरान कोई नकदी नहीं मिली। बता दें कि मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले में लगी आग के बाद भारी मात्रा में नकदी मिली। इनमें जस्टिस वर्मा के दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर को भी जोड़ दिया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों मामलों को अलग-अलग बताते हुए बयान जारी किया।

**1992 में अधिवक्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया:** 56 वर्षीय जस्टिस यशवंत वर्मा ने 1992 में अधिवक्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया था। उन्हें 13 अक्टूबर 2014 को इलाहाबाद हाईकोर्ट का एडिशनल जज नियुक्त किया गया था और 1 फरवरी 2016 को स्थायी जज के रूप में शपथ दिलाई गई थी। उनका जन्म 6 जनवरी 1969 को इलाहाबाद में हुआ था। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी.कॉम (ऑनर्स) किया और फिर मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में संवैधानिक, श्रम एवं औद्योगिक कानूनों के साथ-साथ कॉर्पोरेट कानून, कराधान और संबंधित कानूनों पर अभ्यास किया। वह 2006 से हाईकोर्ट के विशेष वकील और 2012 से 2013 तक उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख स्थायी अधिवक्ता भी रहे। 2013 में उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था।

**हम कूड़ा घर नहीं:** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। बार एसोसिएशन ने पत्र जारी कर कहा है कि हम कूड़ा घर नहीं हैं। इस बीच, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने शुक्रवार अदालत नहीं लगाई, कोर्ट मास्टर ने कहा कि खंडपीठ 'छुट्टी' पर है।

**राज्य सभा में गूंजा मामला :** राज्य सभा में शुक्रवार को सुबह के सत्र में इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने न्यायिक जवाबदेही पर सभापति का जवाब मांगा। रमेश ने सभापति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग के संबंध में लंबित नोटिस की याद दिलाई। रमेश ने कहा इससे पहले, 50 सांसदों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में सभापति को नोटिस सौंपा था।

**क्या होती है इन-हाउस जांच:** संविधान के अनुसार, किसी भी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन-हाउस प्रक्रिया तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, सीजेआई पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता या मामले में गहन जांच की जरूरत महसूस होती है, तो सीजेआई सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एक इन-हाउस जांच समिति गठित कर सकते हैं।

### जांच और ट्रांसफर अलग-अलग...

आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर का प्रस्ताव इन-हाउस जांच प्रक्रिया से पूरी तरह अलग और स्वतंत्र है। सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जस्टिस यशवंत वर्मा वर्तमान में दिल्ली हाईकोर्ट में दूसरे वरिष्ठतम जज और कोलेजियम के सदस्य हैं। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर होने के बाद उनकी वरिष्ठता घटकर नौवीं हो जाएगी।

### चरमपंथियों को दिए गए लाइसेंस...

आने वाले समय में कनाडा में मार्क कार्नी नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। जिसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों देश अपने संबंधों का आपसी विश्वास और संवेदनशीलता के आधार पर पुनर्निर्माण कर सकते हैं।

**निज्जर की हत्या के बाद बिगड़े संबंध :** गौरतलब है कि दोनों देशों के संबंधों में साल 2023 में कनाडा में हुई सिख चरमपंथी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से गिरावट आई है। इसे लेकर कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत को जिम्मेदार ठहराया था। जवाब में भारत ने नई दिल्ली से कनाडा के उच्चायोग कर्मियों को देश से बाहर निकाल दिया। जवाब में कनाडा ने भी भारतीय दूतावास के अधिकारियों की देश वापस भेज दिया था।

**भारत के साथ बेहतर संबंधों का दिया संकेत :** कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे मार्क कार्नी ने अपना पदभार ग्रहण करने से पहले इस बात के संकेत दिए हैं कि वो भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के पक्ष में हैं। पत्रकारों के साथ हुई एक वार्ता में उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि कनाडा समान विचारधारा वाले देशों के साथ विविधता चाहता है। भारत के साथ फिर से संबंधों को बनाने का मौका है। वाणिज्यिक रिश्तों के पीछे मूल्यों की साझा भावना होनी चाहिए। मैं इसे तैयार करने के लिए अवसरों की तलाश करूंगा।




## चिंतन

# जाति-धर्म की जंजीरें जितना जल्द तोड़ दें, उतना अच्छा

हमारे कानून में सबके समान अधिकार हैं। सबसे कमजोर समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। आजादी के बाद से अब तक सरकारों ने भी अनेक तरह की सुविधाएं, लाभ देकर कमजोर तबके को सक्षम बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए। न जाने कितने जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन इन सबके बावजूद आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो न केवल शर्मसार करने वाली हैं बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि हम 21वीं सदी में पहुंचने के बाद भी भेदभाव से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। बीते दिनों एक के बाद एक दो ऐसी ही खबरें सामने आईं। आगरा के धनौली गांव में रहने वाले मुकेश के बेटे की शादी 6 मार्च को थी। गांव के एक रसूखदार परिवार ने बारात रुकवा दी। मुकेश कहते हैं, 'हम दलित हैं, इसीलिए हमारे साथ ऐसा हुआ। हमारे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जब मामला सुर्खियों में आया तो 10 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। जाति के नाम पर ये बर्ताव झेलने वाले मुकेश अकेले नहीं हैं। उतरप्रदेश के ही बुलंदशहर में फरवरी में एक गांव से ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। यहां भी दलित परिवार के लड़कों को बैंड-बाजे के साथ बारात नहीं निकालने दी गई। हर दिन ऐसी खबरों से अखबारों के पन्ने अटे मिलते हैं। जाहिर है कि ये कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। ये वो दाग हैं जो हमारे विकसित होने पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। क्या विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर, सड़क, शेयर बाजार, उद्योग, एफडीआई वगैरा ही हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लिए बिना विकास की बात करना भी बेमानी है। अगर आप इस तरह के मामलों पर किसी भी उच्च वर्ग से बात करें तो वे तपाक से कहते हैं कि अब ऐसी घटनाएं यदाकदा ही होती हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में 2018 में दलित उत्पीड़न के 42793 केस दर्ज हुए वहीं 2022 आते-आते यह संख्या बढ़कर 57582 हो गई। देश के सबसे बड़े राज्य उतरप्रदेश में 2018 में दलित पर अत्याचार के 11924 मामले दर्ज हुए वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 15368 हो गई। अब बताए कहां कम हो रहे हैं दलितों पर अत्याचार। देखा जा सकता है कि रवींद्रनाथ, प्रेमचंद और गांधी के दौर से ही जाति और धार्मिक समुदाय पर आधारित राष्ट्रवाद का एक अटूट सिलसिला रहा है। यह भी साफ है कि आम जनमानस में बड़े पैमाने पर मौजूद जातिवाद, धार्मिक रूढ़ियों और सामंती निरंकुशता को आजादी के बाद दूर करने का सचेत रूप से व्यापक प्रयास भी किया गया, लेकिन समाज में गहरी जड़ें जमा चुका भेदभाव महज कुछ कम हुआ है, खत्म होना आज भी दूर की कौड़ी है। यह भी देखा जा सकता है कि भारत की बहुलता में श्रेष्ठता के काफी तत्व हैं। उन्हें अब भी खोजकर उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन ऊंच-नीच भारतीय जनता की एकता और सांस्कृतिक सुधार के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि हमारे पास क्या चीजें ज्यादा हैं, अतीत की बुरी स्मृतियां या भविष्य के बड़े स्वप्न। इसी पर निर्भर करेगा कि भारत के भावी इतिहास में यह भेदभाव क्या रंग दिखाएगा। इस समय न वैश्वीकरण एक जाति और एक धर्म को लेकर चल सकता है और न ही लोकतंत्र एक विशेष जाति और एक विशेष धर्म को लेकर विकसित हो सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया का बदलना अभी रुका नहीं है। इसलिए पुरानी खाइयां और जंजीरों को जितनी जल्द तोड़ दिया जाए उतना अच्छा है, वरना हम विकसित नहीं पिछड़े ही रहेंगे।

## शहीदी दिवस

विवेक शुक्ला



# हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्वूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अख़बार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे, उनका बहुत रचनात्मक उपयोग था। एक बात और, भगत सिंह ने अपने विचारों को फैलाने और लोगों को आंदोलनों में शामिल करने के लिए हिंदी में पर्चे और घोषणाएं भी जारी कीं। ये पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जाते थे और लोगों को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे। भगत सिंह ने अदालत में भी हिंदी का प्रयोग किया। उनका मानना था कि हिंदी आम लोगों की भाषा है और इसके माध्यम से वे अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपनें दिखाई दे रहे, उनके कारण जहाँ दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित

## दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

# कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

## प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - **महेश पांडे**, धमतरी

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइलों के परीक्षण का किया दावा

उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए ''एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली'' हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है। यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट' अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है।



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



## ट्रेंड

### उल्लेखनीय उपलब्धि

एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार करना उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नक्सलमुक्त होगा देश

मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### पारिस्थितिक संतुलन

गौरैया कीड़े-मकौड़ों और कीटों को खाकर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो परागण और बीज प्रसार के वाहक भी हैं।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी



### कारखानों का दूषित जल

उप्र के भ्रष्टाचारी शासन की नदी से प्रदूषित प्रशासन की नहर निकली है जो मुजफ्फरनगर में कारखानों के गंदे जल को गंगा नहर में जाने से नजरअंदाज कर रही है। इससे खेती भी प्रदूषित हो रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# लोकसभा में तपेदिक के मामले पर देखने को मिला रोचक हास्य-विनोद

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ने अपने-अपने अंदाज में हर खासो आम से किया साल में एक बार व्यापक स्वास्थ्य जांच कराने का अनुरोध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में शुक्रवार को तपेदिक (ट्यूबरक्लोसिस) के मामले पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के बीच हास्य विनोद का एक रोचक वाकया देखने को मिला। प्रश्नकाल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों के जवाब के दौरान नड्डा ने सदन के सभी सदस्यों से साल में एक बार अनिवार्य रूप से विस्तृत स्वास्थ्य जांच कराने का अनुरोध किया। तभी लोकसभा अध्यक्ष ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि अपनी नहीं अपने क्षेत्र की आम जनता की साल में एक बार व्यापक स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कहिए। नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष की नसीहत को विनम्रता से स्वीकार करते हुए कहा कि जनता की चिंता तो स्वास्थ्य मंत्रालय कर रहा है। लेकिन सदन में कई लोग ओवरवेट हैं। इसलिए जब वे अपना स्वास्थ्य ठीक रख पाएंगे तभी जनता का भी रख पाएंगे।

### पानी से नहीं, हवा से फैलता है तपेदिक



वहीं, कांग्रेस के लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई के असम के चाय बागान से जुड़े लोगों को गंदे पानी की वजह से टीबी होने के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने कहा कि तपेदिक हवा से फैलने वाली बीमारी है। जो मरीज के निकट संपर्क में आने से होता है। लेकिन इसका पानी से कोई संबंध नहीं है। जहां तक चाय बागान का सवाल है तो बाकी देश की तरह यहां भी मंत्रालय द्वारा कराई जा रही लोगों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जारी है। कम समय में ज्यादा सैंपलों की जांच करने के लिए जरूरी एक्स-रे मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी खासियत यह है कि यह मशीन एक समय में एक साथ 32 सैंपलों की जांच कर सकती है। एआई की इसमें अहम भूमिका है। केंद्रीय मंत्री ने गोगोई को अपने जवाब के साथ ही मामले पर राजनीति न करने की सलाह दी और कहा कि चाय बागान को लेकर हम क्या काम कर रहे हैं? इस पर उन्हें विस्तृत जानकारी अलग से भी भेज दी जाएगी।

### जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ना चिंताजनक

कांग्रेस सांसद डॉ. किरसन नामदेव के सवाल के जवाब नड्डा ने कहा कि देश में जीवनशैली से जुड़ी हुई बीमारियों में लगातार हो रही बढ़ोतरी चिंताजनक है। आईसीएमआर की एक रिपोर्ट के हिसाब से देखें तो 1990 के मुकाबले 2016 तक इस तरह की बीमारियों का आंकड़ा 61.8 फीसदी तक जा पहुंचा है। मंत्रालय ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरुआत की है। फिलहाल इसका कवरेज 1 लाख 75 हजार है। ये किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य के मामले में पहला संपर्क बिंदु है। लेकिन मेरा मानना है कि देश में 30 साल की उम्र में प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए। वर्तमान में लगभग 34 करोड़ लोगों को हाइपरटेंशन हैं, 35 करोड़ को ब्लड प्रेशर, 2 करोड़ 60 लाख को शुगर, 29 करोड़ 35 लाख में ओरल कैंसर का पता लगा है। महिलाओं में 15 करोड़ 61 लाख की ब्रेस्ट कैंसर की जांच की गई है, 93 हजार लोग सर्वाइकल कैंसर से ग्रसित हैं। आयुष्मान जन आरोग्य योजना का 63 करोड़ लोगों को लाभ दिया जा रहा है।

### झज्जर एम्स को बताया बेहतरीन संस्थान

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. बायरेड्डी शबरी के प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में कैंसर के इलाज की सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में 6 हजार 204 सीएचसी में 770 कैंसर क्लिनिक हैं। 19 राज्यों में कैंसर सेंटर हैं। 22 एम्स में कैंसर जांच विभाग है। झज्जर एम्स का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि यह दुनिया का एक बेहतरीन स्टेट ऑफ द आर्ट संस्थान है। जिसमें 1460 बेड की सुविधा है। कोलकाता के चितरंजन इंस्टीट्यूट को उन्नत बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए दिए गए हैं। देश के 200 जिलों में कीमोथेरेपी की सुविधा प्रदान की जाएगी। आरजेडी सांसद मीसा भारती ने एम्स पटना के निदेशक पद रिक्ति को लेकर प्रश्न पूछा, जिसके जवाब में नड्डा ने कहा कि पटना एम्स में निदेशक थे। लेकिन उन्हें किन्हीं कारणों की वजह से हटाया गया है। जल्द नए निदेशक की नियुक्ति की जाएगी।

### किलकारी से घटती आईएमआर एमएमआर

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किलकारी कार्यक्रम के बारे में सदन में बताते हुए कहा, इसकी शुरुआत 2016 में की गई थी। ये इंटरेक्टिव वाइस मैसेज कार्यक्रम है, जिसमें हम गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को मोबाइल मैसेज के जरिए गर्भावस्था के दौरान जरूरी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हैं, जिसका वे पालन कर रहे हैं। सप्ताह भर में 72 संदेश भेजे जाते हैं। वर्तमान में यह योजना 27 राज्यों में 13 भाषाओं में चल रही है। केंद्र की यह कोशिश नवजात शिशुओं और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में योगदान दे रही है।

---

## तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा शुरू, संघ के सरकार्यवाह मुकुंद ने 'भाषा विवाद' को लेकर कही बड़ी बात

# मातृभाषा जरूरी है.. पर लोकल और बाजार स्तर की बोली जानना चाहिए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि शुक्रवार सुबह बेंगलुरु में शुरू हो गई है। संघ मणिपुर को लेकर चिंतित है। आरएसएस के सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर ने कहा कि संघ का हमेशा जोर यही रहा है कि मातृभाषा में ही पढ़ाई हो। सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि जहां भी संभव हो मातृभाषा का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो भाषा या तीन भाषा फॉर्मूला को लेकर संघ का कोई रिजॉल्यूशन नहीं है, लेकिन मातृभाषा को लेकर संघ का रिजॉल्यूशन है। हमारा मानना है कि समाज में भी हमें कई भाषा सीखनी चाहिए। एक मातृभाषा और दूसरी मार्केट लैंग्वेज सीखनी चाहिए। तमिलनाडु में हैं तो तमिल, दिल्ली में हैं तो हिंदी सीखने की जरूरत होगी। इसी तरह करियर लैंग्वेज जैसे इंग्लिश या दूसरी भाषा भी जरूरी हैं। बता दें कि इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत 11 जून 2024 को मणिपुर के हालात पर चिंता जाहिर कर चुके हैं।

### कुछ ताकतें देश की एकता को चुनौती दे रहीं

मुकुंद ने कहा कि संघ की दूसरी चिंता इसे लेकर है कि कुछ ताकतें हैं, जो देश की एकता को चुनौती दे रही हैं और उत्तर और दक्षिण के बीच बहस को बढ़ावा दे रही हैं। चाहे वह परिसीमन की डिबेट हो या भाषा की डिबेट। उन्होंने कहा कि ये ज्यादातर पॉलिटिकल मोटिवेटेड हैं। उन्होंने कहा कि सभी सोशल ग्रुप को साथ आना होगा क्योंकि यह सही नहीं है कि हम आपस में लड़ें। अगर कोई दिक्कत है तो उसे मिलकर, सद्भावना से हल किया जा सकता है। हमारे स्वयंसेवक और अलग अलग विचार परिवार के लोग सद्भावना की पूरी कोशिश कर रहे हैं, खासकर दक्षिण भारत के राज्यों में।




### मणिपुर में शांति की उम्मीद दिख रही

मुकुंद ने कहा कि 20 महीनों से मणिपुर बुरे दौर से गुजर रहा है। लेकिन केंद्र सरकार के कुछ राजनीतिक और कुछ प्रशासनिक फैसलों को देखते हुए अब कुछ उम्मीद दिख रही है। मणिपुर के लोगों के लिए उम्मीद दिख रही है लेकिन संघ का मूल्यांकन है कि पहले की तरह सामान्य माहौल

### प्रतिनिधि सभा में 1482 स्वयंसेवक

संघ की प्रतिनिधि सभा की शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, तबलावादक जाकिर हुसैन, प्रीतीश नंदी सहित कई जानी मानी हस्तियों और संघ के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। मुंकुद ने कहा कि प्रतिनिधि सभा में 1482 स्वयंसेवक और पदाधिकारी शामिल हैं।

### विभेद पैदा करने का चल रहा है षड्यंत्र : होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एकात्मता के सामने चुनौती बनी हुई कई शक्तियां समय-समय पर अपना सिर उठाकर विघटन कार्य को अंजाम देती रही है। देश में जाति, भाषा, प्रांत और पंथ के नाम पर विभेदक षड्यंत्र रखने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसा पहले भी हुआ है। वर्तमान में भी ऐसी मानसिकता कुछ जनजाति क्षेत्र में या दक्षिण भारत की अलग पहचान जैसे विमर्श खड़ा करने में उभर रही है। इससे देश विशेष कर उन क्षेत्रों के लोग अधिक प्रभावित नहीं होंगे। तब भी इस साजिश के बारे में सावधान रहते हुए जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है।

### एक साल में बढ़ीं 10 हजार शाखाएं

देश भर में संघ की एक्टिविटी कुल 73646 जगहों पर होती है। जिसमें से 51710 जगहों पर हर रोज एक्टिविटी होती है और बाकी करीब 22000 जगहों पर साप्ताहिक एक्टिविटी होती है। देश भर में संघ की कुल 83129 शाखाएं लग रही हैं। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 10 हजार ज्यादा हैं। साप्ताहिक एक्टिविटी भी इस एक साल में करीब 4430 बढ़ी हैं। रोजाना और साप्ताहिक मिलाकर संघ की कुल 115276 एक्टिविटी हो रही हैं। संघ के ग्रामीण मंडल की संख्या 58981 हैं जिसमें 30770 में डेली शाखा लगती है। यह पिछले साल के मुकाबले 3 हजार ज्यादा है।

### 100 साल पर है संघ का फोकस

सह सरकार्यवाह मुकुंद ने कहा कि इस साल संघ की स्थापना के 100 साल पूरे हो जाएंगे, इसलिए बैठक में संघ के विस्तार पर बातचीत होगी साथ ही अब तक संघ ने कितना काम किया इस पर चर्चा होगी। इसका मूल्यांकन होगा कि जो सामाजिक बदलाव हम लाने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें कितना सफल रहे।

### संघ में बढ़ी इस उम्र के लोगों की संख्या

संघ के मुताबिक संघ में लगातर युवा आ रहे हैं और युवाओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। शताब्दी विस्तार के लिए करीब ढाई हजार युवा 2 साल के लिए संघ से जुड़े और विस्तार का काम किया। संघ में सबसे ज्यादा 14 से 25 साल के युवा आ रहे हैं। संघ के मुताबिक पिछले साल जो प्रारंभिक वर्ग हुए, जो संघ का एंट्री पॉइंट है, इसमें 222962 स्वयंसेवक आए। इसमें 1 लाख 63 हजार स्वयंसेवक 14 से 25 साल के बीच की उम्र के हैं।

---

## पाकिस्तान की भारत संग संबंधों में 'नई सुबह' लाने की इच्छा के जवाब में भारत की खरी-खरी

# असली मुद्दा पाक प्रायोजित सीमापार आतंकवाद का है, जिससे भंग हो रही क्षेत्र की शांति-सुरक्षा: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी (चार्ज डी अफेयर्स) साद अहमद वराइच द्वारा बीते गुरुवार रात नवरोज के साथ मनाए गए अपने राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत के साथ संबंधों में नई सुबह लाने की इच्छा जताई गई है। भारत की इस समारोह में हालांकि किसी तरह की कोई भागीदारी नहीं रही। जब इसे लेकर शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया साफ तौर पर यह जानती है कि असली मामला तो पाक द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले और पाक प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। जो समूचे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर बाधा बना हुआ है। जहां तक राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत को बुलाने का सवाल है तो कोई भी निमंत्रण तो रिश्तों पर निर्भर करता है ना।

### पीएम की टिप्पणी से बौखलाया पाक

बताते चलें कि पाकिस्तान के चार्ज डी अफेयर्स की यह टिप्पणी बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पाडकास्ट में उसे दिखाए गए आईने जवाब में दी गई है। जिसमें पीएम ने कहा था कि भारत की शांति की हर कोशिश का पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से जवाब दिया है। उन्होंने पाकिस्तान को सद्बुद्धि आने और उसके द्वारा शांति का मार्ग अपनाए जाने की भी उम्मीद जताई थी। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर किए गए आतंकवादी हमले के बाद से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध पूरी तरह से पटरे से उतर गए थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान को साफ शब्दों में यह बता दिया था कि आतंकवाद और संबंधों को सामान्य करने की बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकती है। समूचा जम्मू-कश्मीर (लद्दाख सहित) भारत का अभिन्न अंग हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान ने भारत के इलाके यानी पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर जबरन अवैध कब्जा किया हुआ है। जिसे उसे खाली करना चाहिए। पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। लेकिन भारत ने इस हमले के ठीक 12 दिन बाद पाकिस्तान के घुसकर बालाकोट एयर स्ट्राइक के जरिए जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया था।

### भारत ने उठाए कड़े कदम

पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाली धारा-370 को समाप्त कर दिया था। दोनों देशों के बीच बीते करीब आठ वर्षों से कोई ढांचागत द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई है। हालांकि दोनों बहुपक्षीय वैश्विक मंचों पर एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने 2023 में भारत के गोवा में आयोजित की गई एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी की थी। इसी के जवाब में पिछले साल अक्टूबर में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में भारत का नेतृत्व करने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा की थी।

### यूं आएगी संबंधों में नई सुबह

पाकिस्तान के चार्ज डी अफेयर्स ने उक्त समारोह में ये भी कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी समझ में इजाफा कर, साझा चिंताओं को दूर कर कश्मीर के साथ ही अन्य दीर्घकालिक मुद्दों का समाधान निकालकर भारत और पाकिस्तान के संबंधों में एक नई सुबह लाई जा सकती है। संप्रभु समानता, आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांतों के तहत इस्लामाबाद ने बाकी देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध बनाने की कोशिश की है। उसकी यही सोच भारत के साथ संबंधों को शांतिपूर्ण बनाने में भी मार्गदर्शक रही है।

### कूटनीति के मार्ग को बताया जरूरी

वराइच ने कहा कि दक्षिण एशिया हमारा साझा घर है। उसे आपसी स्थिर शांति, समान सुरक्षा और समृद्धि के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कूटनीति के मार्ग की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए ऐसी रचनात्मक भावना की जरूरत है जो साझा समाधानों के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को प्राथमिकता देती हो। पाक अधिकारी ने नवरोज के आयोजन को लेकर कहा कि वसंत का आना प्राचीन काल से नवीनीकरण, आशा और बदलाव का अग्रदूत रहा है।

---

## लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हुई जल शक्ति मंत्रालय की बजट संबंधी अनुदान मांगें

# 15 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचेगा नल से शुद्ध जल: सीआर पाटिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की 2025-26 की बजट संबंधी अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित हो गईं। इस बाबत लाए गए सभी कटौती प्रस्ताव खारिज हुए। इसके पूर्व में हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि केंद्र सरकार ने मंत्रालय के बजट में पहले की तुलना में चार गुना की बढ़ोतरी की है। कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग की सरकार ने वर्ष 2004 से 14 के बीच के 10 वर्षों में मंत्रालय के लिए 1 लाख 2 हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया था। मोदी सरकार ने इसे चार गुना बढ़ाकर 4 लाख 29 हजार 166 करोड़ रुपए तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत देश में 15.52 करोड़ घरों तक नल से शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए कनेक्शन लगाए हैं। इसे लेकर अगर किसी सदस्य की कोई शिकायत है तो उसका समाधान किया जाएगा। इस योजना का लाभ हर घर तक पहुंचे।

### महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

पाटिल ने कहा कि देश में सभी को निरंतर साफ पीने का पानी मिले। उसके लिए कुल करीब 25 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। ये स्थानीय स्तर पर पेयजल की स्वच्छता की जांच करेंगी। इन्हें एक किट भी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी को भी गंदा पानी न मिले। उसके लिए सरकार पूरे प्रयास कर रही है। उन्होंने साफ पीने के पानी को स्वास्थ्य सेवा का नाम दिया और कहा कि इससे 4 लाख बच्चों को अतिसार की बीमारी से बचाया जा सकेगा।

---

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर उत्तर दिया

# कृषि में विविधीकरण पर लगातार ध्यान किसान की मजबूती से देश समृद्ध होगा

कहा, 10 हजार नए एफपीओ बनाए, किसानों के आनलाइन व्यापार के लिए ई-नाम की व्यवस्था भी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को लोकसभा में कृषि मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि मोदी सरकार की नीति-रीति किसानों को सशक्त करने की है। किसान मजबूत होगा तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने खेत नहीं देखे, पगडंडियां नहीं देखी, मिट्टी नहीं जानते, वे किसान हित की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। खाद्यान्न एवं फल-सब्जियों के उत्पादन व उत्पादकता में लगातार वृद्धि हो रही है, इसके पीछे प्रधानमंत्री की सुव्यवस्थित रणनीति, अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं।

### उर्वरकों के संतुलित उपयोग का काम हो रहा, खेती में बढ़ा निवेश



चौहान ने कहा कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग का काम हो रहा है। खेती में निवेश बढ़ा है व अल्पकालिक ऋण में भी काफी वृद्धि हुई है। कृषि यंत्रीकरण के काम में भी तेजी आई है जिससे किसानों के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों किसान भाइयों-बहनों को सहायता मिल रही है। इस योजना ने छोटे किसानों की जिंदगी बदलने का काम किया है। उन्होंने बताया कि 2.54 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खाद सब्सिडी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के लिए दी है। मोदी सरकार ने किसानों को राहत दी है। चौहान ने कहा कि हम किसानों को किसी भी कीमत पर महंगी खाद नहीं खरीदने देंगे।

### 50% मुनाफा जोड़ दे रहे एमएसपी

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि हमने 10 हजार नए एफपीओ बनाए, किसानों के आनलाइन व्यापार के लिए ई-नाम की व्यवस्था भी की। सरकार ने लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी तय की। किसानों से एमएसपी पर खरीदी मोदी सरकार के समय में सर्वाधिक 22.38 लाख करोड़ रु. की हुई है। सरकार ने पीएम-आशा योजना बनाई और इसके अंतर्गत सोयाबीन सहित अन्य उपज की रिकार्ड खरीदी की। साथ ही, कर्नाटक, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में भी खरीद की समय-सीमा बढ़ाई, कहीं भेदभाव नहीं किया। बाजार हस्तक्षेप योजना बनाई ताकि उपज के भाव कम होने पर किसानों को नुकसान नहीं हो। टमाटर, आलू, प्याज की राज्यों के माध्यम से खरीदी करने की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत किसानों के परिवहन की लागत केंद्र द्वारा वहन करने की व्यवस्था की।

### डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन प्रारंभ किया

चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन प्रारंभ किया, डिजिटल किसान आईडी अब अलग से बनेगा। बेगूसराय में ही मक्का अनुसंधान केंद्र रहेगा, कर्नाटक में हम अलग से केंद्र खोलने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए बजट में पीएम धनधान्य योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है।

### एक लाख करोड़ का एग्रीकल्चर इंफ्रा फंड

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सुझावों का सदैव स्वागत है, अच्छे सुझावों पर विचार करके लागू करने का काम करेंगे। पहले क्षति आंकलन परंपरागत तरीके से होता था, हमने सैटेलाइट आदि अत्याधुनिक प्रक्रिया अपनाई है। क्लेम देने में देरी पर बीमा कंपनियों द्वारा 12 प्रतिशत ब्याज देने का सरकार ने किया। एक लाख करोड़ रु. के एग्रीकल्चर इंफ्रा फंड की स्कीम से 51783 करोड़ रु. की स्वीकृति दी गई है। सरकार का किसान और विज्ञान को जोड़ने पर जोर है, लैब टू लैंड के लिए मोदी सरकार ने पहल की है।

**शुद्धिपत्र-1**

**निविदा सूचना सं.: RNY-EL-T-18-2024-25, दिनांक: 18-03-2025** के लिए निम्नलिखित संशोधन जारी किये गये हैं। **कार्य का नाम:** संपूर्ण डीआरएम भवन के लिए मौजूदा एसी सहित सभी एसी के लिए अलग वायरिंग के साथ मंत्रालयी कर्मचारियों सहित शेष सभी कार्यालयों के लिए स्प्लिट टाइप एसी की स्थापना के लिए विद्युत कार्य और डीआरएम भवन में मौजूदा सब-स्टेशन की क्षमता में वृद्धि, जिसमे सभी डीआरएम भवन के अंदर के कमरो/शाखा कार्यालयों को छोड़कर मौजूदा वायरिंग को छिपाना शामिल है।

संशोधित विशेष शर्तों का विवरण:

| अनुक्रमणिका | मौजूदा विशेष शर्त्त | संशोधित विशेष शर्त्त |
| --- | --- | --- |
| एनआईटी एस. सं. 12 | एमसीसीबी, सीओएस मेक लेग्रेंड/एलएंडटी/बीसीएच/सीएंडएस/इंडो-आसियान का होना चाहिए। | एमसीसीबी, सीओएस मेक लेग्रेंड/एलएंडटी/बीसीएच/सीएंडएस/इंडो-आसियान/एबीबी/श्नाईडर को होना चाहिए। |

अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

सीनि. डीईई/रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिल शर्मा पुत्र प्रवीण शर्मा निवासी ए-25, गली नं. 8, साउथ अनारकली, दिल्ली** ने case **E-FIR No. 000116/17 U/s 380/451/411 IPC, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **साहिल शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साहिल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **E-FIR No. 000116/17 U/s 380/451/411 IPC, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साहिल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05**
**कमरा नं. 07, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3464/SHD/2025(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटाकॉर्प खरीदेगी यूलर मोटर में हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसने 525 करोड़ रुपये में यूलर मोटर्स में 32.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में कदम रखा है। निदेशक मंडल ने यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक या अधिक किस्तों में 525 करोड़ रुपये तक के रणनीतिक निवेश को मंजूरी दी है।

### शेयर बाजार में पांचवें दिन जारी रही तेजी

**मुंबई।** विदेशी कोषों की लिवाली और बैंक शेयरों में बढ़त के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 693.88 अंक बढ़कर 77,041.94 पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 159.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल दो बार ब्याज दरों में कटौती की बात कही है। इससे घरेलू बाजार में आशावाद फिर से जग गया है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और जोमैटो लाभ में रहे। दूसरी ओर इन्फोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और बजाज फिनसर्व में गिरावट हुई।

### सेबी के सदस्य नारायण ने कहा, सोशल मीडिया प्रभावित करने की क्षमता रखता है

# सेबी ने पिछले साल 70 हजार भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और खाते हटाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल 'फिन-इन्फ्लुएंसर' ढांचे के क्रियान्वयन के बाद से सोशल मीडिया मंचों के साथ परामर्श कर 70,000 भ्रामक खाते और 'पोस्ट' हटाए गए हैं।

सोशल मीडिया पर वित्तीय मामलों में लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वालों को फिन-इन्फ्लुएंसर कहते हैं। नारायण ने बताया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बेचने की चिंताओं के बीच कुल मिलाकर निवेश प्रवाह उतना बुरा नहीं है, जितना सोचा गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में एफआईआई का निवेश जारी है।

### सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम जारी है

नारायण ने कहा कि अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक "खतरा" हैं, जो निवेश में बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने यहां पंजीकृत निवेश सलाहकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, " अक्टूबर 2024 से सेबी ने 70,000 से अधिक भ्रामक खातों/'पोस्ट' को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम किया है।"

### सलाहकारों की मदद मांगी

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि उन्होंने अनुपालन सुनिश्चित करने में सलाहकारों की मदद मांगी। उन्होंने साथ ही सेबी-पंजीकृत संस्थाओं की पहचान करने में मदद के लिए यूपीआई 'पेराइट' खाते और इस दिशा में सेबी के प्रयासों के रूप में वैकल्पिक केंद्रीकृत शुल्क संग्रह तंत्र का उल्लेख किया।




### अधिग्रहण मानकों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल हुआ अनिवार्य

बाजार नियामक सेबी ने कहा कि 'अधिग्रहण विनियम' के तहत शेयर अधिग्रहण में कुछ छूट से संबंधित रिपोर्ट ईमेल और हाल ही में जारी मध्यस्थ पोर्टल दोनों के जरिये पेश की जा सकती हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह दोहरी प्रस्तुति प्रणाली अभी से 14 मई, 2025 तक ही लागू रहेगी। इसके बाद रिपोर्ट रखने के लिए केवल ऑनलाइन पोर्टल का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

- भारत में एफआईआई का निवेश जारी है
- अपंजीकृत निवेश सलाहकारों से निवेशकों को खतरा है
- फिन-इन्फ्यूएंसर बढ़ती निवेशकों की रूचि का फायदा उठा रहे

### पांच वर्षों में 54 अरब डॉलर का विदेशी प्रवाह रहा

नारायण ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में शेयर और ऋण में 54 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी प्रवाह देखा गया है, जो पिछले पांच वर्षों के 19 अरब अमेरिकी डॉलर से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए निरंतर वृद्धि, व्यापक आर्थिक स्थिरता और कामकाज का उचित माहौल देने की जरूरत है।

### एफपीआई की निकासी उतनी बुरी नहीं

वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने नारायण ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की निकासी पर कहा कि स्थिति उतनी बुरी नहीं है, लेकिन " हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत को विदेशी बचत की आवश्यकता है।"




**एफपीआई के पास 62 लाख करोड़ ऋण थे :** सेबी के सदस्य ने कहा कि फरवरी 2025 तक एफपीआई के पास भारतीय शेयर में 62 लाख करोड़ रुपये या 700 अरब डॉलर से अधिक और ऋण के रूप में करीब 5.9 लाख करोड़ रुपये या 68 अरब डॉलर थे।

## एईएसएल को गुजरात में 2,800 करोड़ की ट्रांसमिशन परियोजना मिली

**अहमदाबाद।** भारत की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और वितरण कंपनी और वैश्विक रूप से विविधीकृत अदानी पोर्टफोलियो का हिस्सा अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने आज कहा कि उसे गुजरात में एक पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिला है, जो गुजरात के मुंद्रा में ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया के निर्माण के लिए ग्रीन इलेक्ट्रॉन की आपूर्ति करेगा। इस परियोजना की लागत लगभग 2,800 करोड़ रुपये होगी और इसे 36 महीनों में पूरे देश में पहुँचाया जाएगा। इस परियोजना 'मुंद्रा, गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया निर्माण क्षमता के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम' में दो बड़े 765/400 केवी ट्रांसफॉर्मर जोड़कर नवीनल (मुंद्रा) विद्युत सबस्टेशन को अपग्रेड करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस सबस्टेशन को भुज सब स्टेशन से जोड़ने के लिए 75 किलोमीटर लंबी 765केवी डबल-सर्किट लाइन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से एईएसएल के समग्र ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर में 150 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनें और 3,000 एमवीए की परिवर्तन क्षमता जुड़ेगी, जिससे उनकी क्षमता क्रमशः 25,928 सीकेएम और 87,186 एमवीए हो जाएगी। एईएसएल ने टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) तंत्र के तहत परियोजना जीती और पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया समन्वयक थी। परियोजना एसपीवी को औपचारिक रूप से 20 मार्च, 2025 को एईएसएल को हस्तांतरित कर दिया गया। यह इस वित्तीय वर्ष में एईएसएल की छठी ऑर्डर जीत है, जिससे इसकी ऑर्डरबुक 57,561 करोड़ रुपये हो गई है।

## मारुति ने डिजायर टूर एस की चौथी जनरेशन कार की लांच



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने आखिरकार भारतीय टैक्सी ऑपरेटर्स की फेवरेट डिजायर टूर एस की चौथी जनरेशन को लांच कर दिया है। इस बार यह सिर्फ एक नई कार नहीं, बल्कि भारत की पहली 5-स्टार बीएनसीएपी सेफ्टी रेटेड टैक्सी भी बन गई है। ये कार 6 एयरबैग समेत कई गजब सेफ्टी फीचर्स से लैस है। मारुति डिजायर टूर एस के पेट्रोल वैरिएंट की कीमत 6.79 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। वहीं, इसके सीएनजी वैरिएंट की कीमत 7.74 लाख रुपए है। ये सभी कीमतें एक्स-शोरूम की हैं। यह नई डिजायर टूर एस न केवल सुरक्षित है, बल्कि ज्यादा किफायती और भरोसेमंद भी है।

**कलर ऑप्शन:** इसके कलर ऑप्शन की बात करें तो इसमें आर्कटिक व्हाइट, स्प्लेंडिड सिल्वर और ब्लूईश ब्लैक जैसे ऑप्शन मिलते हैं। नई डिजायर टूर एस का इंटीरियर एलएक्सआई बेस वेरिएंट जैसा ही रखा गया है, लेकिन इसमें कुछ बेहतरीन फीचर्स जोड़े गए हैं। जैसे कि इसमें मैनुअल एसी, ऑल 4 पावर विंडो, कीलेस एंट्री और एडजस्टेबल फ्रंट हेडरेस्ट मिलता है।

## भारतीय शास्त्र सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम : धामी



**हरिद्वार।** 'हमारे शास्त्र केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम हैं। भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों में ऐसे अद्भुत सूत्र निहित हैं, जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान में परिलक्षित होते हैं।' उक्ताशय के विचार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव स्पर्धा के समापन समारोह में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का आधार हमारे प्राचीन शास्त्र हैं, जिनमें विज्ञान, योग, चिकित्सा, गणित और दर्शन के गूढ़ रहस्य समाहित हैं। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने संस्कृत को तीर्थ और संस्कृति का गौरव बताते हुए जीवन में प्राचीन भारतीय शास्त्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन की उन्नति का मार्गदर्शक बताया। आचार्य जी ने देशभर से आए विद्वानों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और सनातन परंपरा के अनुयायियों को दिशा-निर्देश दिए कि वेद और शास्त्रों के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयास करते रहें। शास्त्रोत्सव के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड, डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि संस्कृत कोई थकी-हारी भाषा नहीं है, बल्कि इसमें पूरे विश्व में अपना परचम लहराने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत में समस्त ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी समाहित है।

## सोना 400 रुपये टूटकर 91,250 पर, चांदी में 1700 की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना कल 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो एक दिन पहले 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और डॉलर में आए सुधार के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल द्वारा अमेरिका में वृद्धि की रफ्तार सुस्त होने और मुद्रास्फीति बढ़ने की टिप्पणियों से कीमती धातु में गिरावट आई है।"

## अब जीएसटी चोरी करना पड़ेगा भारी, एक अप्रैल से लागू हो रहा है 'आईएसडी' नियम

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने गुड्स एंड सर्विस टैक्स के नियमों में काफी बदलाव किया है। इसके तहत 1 अप्रैल 2025 से इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर (आईएसडी) सिस्टम लागू होने जा रहा है। इस सिस्टम का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू का सही डिस्ट्रीब्यूशन सुनिश्चित करना है। इसकी मदद से राज्य सरकारें एक ही जगह पर दी जा रही शेयर्ड सर्विसेज पर उचित मात्रा में टैक्स वसूल करेंगी। आईएसडी मैकेनिज्म को लागू करने के लिए 2024 के फाइनेंस एक्ट के तहत सेंट्रल जीएसटी एक्ट में संशोधन किया गया है। यह मैकेनिज्म उन व्यवसायों को सुविधा देता है जो कई राज्यों में संचालित होते हैं। इसके तहत व्यवसाय अपनी एक हेडक्वार्टर में कॉमन इनपुट सर्विस के इनवॉइस को सेंट्रलाइज कर सकते हैं।

**जीएसटी सिस्टम अधिक व्यवस्थित होगा:** यह बदलाव जीएसटी सिस्टम को और अधिक व्यवस्थित करने की दिशी में एक और बड़ा कदम है। आईएसडी सिस्टम से न केवल राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू वितरण होगा, बल्कि व्यवसायों को भी अपनी टैक्स देनदारियों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी।

## रुपया 36 पैसे मजबूत होकर 86.00 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह के बीच रुपये ने शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और 36 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.93 प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 86.30 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 36 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

### चिकित्सा

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

हमराज़ क्लीनिक

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006

F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जॉब

☞ सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, (10वी+12वीं) पास लड़के लड़कियां, आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाटसएप करें, पद- वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -(25000/-से 35000/-) संपर्क करें- 9933803418

## राशिफल

**मेष:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन:** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त सप्ताह में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया था। यह दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था। इस उछाल का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया गया। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## ओला इलेक्ट्रिक ने 40 फीसदी लंबित आपूर्ति मामले निपटाए

- बची आपूर्ति को मार्च अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा, फरवरी में 25 हजार दोपहिया वाहन बेचे

एजेंसी :नई दिल्ली



ओला इलेक्ट्रिक ने बिक्री आंकड़ों में विसंगतियों पर शुक्रवार को कहा कि फरवरी में आपूर्तिकर्ताओं के साथ बातचीत जारी होने से पैदा हुई लंबित आपूर्ति में से 40 प्रतिशत मामलों का निपटारा कर दिया गया है। साथ ही शेष आपूर्ति भी मार्च के अंत तक कर दी जाएगी। कंपनी ने कहा कि फरवरी में उसकी बिक्री अच्छी रही थी और उसका ध्यान मार्च के अंत तक सभी लंबित आपूर्ति का निपटान करने पर केंद्रित है। ओला इलेक्ट्रिक ने पहले कहा था कि उसने फरवरी में 25,000 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे हैं। हालांकि सरकार के 'वाहन पोर्टल' पर ओला इलेक्ट्रिक के सिर्फ 8,651 स्कूटरों का ही पंजीकरण हुआ है। 'वाहन पोर्टल' पर 20 मार्च तक कंपनी के पंजीकृत वाहनों की संख्या 11,781 थी। कंपनी ने इस विसंगति से पैदा हुए विवाद के बीच कहा, "फरवरी में अस्थायी विलंब का कारण वाहन पंजीकरण के लिए जिम्मेदार हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ जारी बातचीत थी।"

**लंबित आपूर्ति तेजी से निपटाई जा रही:** ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, "इस लंबित आपूर्ति को तेजी से निपटाया जा रहा है, दैनिक पंजीकरण हमारे तीन महीने के दैनिक बिक्री औसत के 50 प्रतिशत से अधिक है। फरवरी की लंबित आपूर्ति में से करीब 40 प्रतिशत का पहले ही निपटारा हो गया है और शेष का मार्च 2025 के अंत तक निपटान कर दिया जाएगा।"

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ईशर, पुत्र उमल निवासी वाई-353, मंगोलपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 142/2019 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **ईशर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **ईशर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 142/2019 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ईशर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, उत्तर-पश्चिम
कोर्ट कमरा नं.105, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/3514/OD/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेश कुमार पुत्र शेर सिंह पताः मोले नाथ का मंदिर 30 फुटा रोड, सुभाष अखाड़ा, जीरो पुश्ता सोनिया विहार, दिल्ली-110094 ने एफआईआर संख्या 655/2014 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः ज्योति नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुरेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुरेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 655/2014 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना ज्योति नगर, दिल्ली के उक्त सुरेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08
कमरा नं.जी-06, न्यू कोर्ट बिल्डिंग,
शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली


DP/3489/NE/2025

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल में विभिन्न स्थानों पर ऑक्टागोनल पोल्स की आपूर्ति और स्थापना के साथ-साथ 1000 अदद स्ट्रीट लाइट की स्थापना + 3 कार्य। | 20.03.2025 27.03.2025 | 128.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल के विभिन्न स्थानों पर सीवर लाइन में ड्रेन / नाला की टेपिंग में जाली का प्रावधान और फिक्सिंग। | 20.03.2025 27.03.2025 | 5.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33179/I/88/7 दि. 21.03.25

## शब्द पहेली - 5812




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5811 का हल





# आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी। नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।



## रजत के नाम ने चौंकाया

आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे।

## 43 वर्षीय धोनी की धमक 13 के वैभव में सूर्य सा ओज





पिछले कुछ वर्षों से महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चा चलती रही है लेकिन यह 43 वर्षीय खिलाड़ी अब भी चेन्नई की टीम का अभिन्न अंग बना हुआ है। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा है। धोनी से ठीक 30 साल छोटे वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है।


## टीमों ने बदले सहयोगी स्टाफ

आईपीएल में इस बार कुछ टीमों के सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स को छोड़कर पंजाब किंग्स में मुख्य कोच बन गए हैं। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया है। केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट आए हैं। लंबे समय तक चेन्नई की तरफ से खेलने वाले ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटर होंगे।

## रोहित-कोहली पर नजर

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।





## वरुण के चक्र का विराट असर

अगर शनिवार को होने वाले मैच की बात करें तो कोलकाता और बेंगलुरु दोनों ही जीत के साथ शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना कोहली और फिल साल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## आईपीएल से जुड़े आंकड़े



### सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 8004 |
| शिखर धवन | 5 टीम | 6769 |
| रोहित शर्मा | मुंबई | 6628 |
| डेविड वार्नर | दिल्ली/हैदराबाद | 6565 |
| सुरेश रैना | चेन्नई/गुजरात | 5528 |

### व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | गेंद | रन |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | 66 | 175 |
| बैंडन मैकुलम | 73 | 158* |
| क्विंटन डिकॉक | 70 | 140* |
| एबी डिविलियर्स | 59 | 133* |
| लोकेश राहुल | 69 | 132* |

### सबसे ज्यादा रन से जीत

| टीम | खिलाफ | जीत |
|---|---|---|
| मुंबई | दिल्ली | 146 |
| बेंगलुरु | गुजरात | 144 |
| कोलकाता | बेंगलुरु | 140 |
| बेंगलुरु | पंजाब | 138 |
| बेंगलुरु | पुणे | 130 |

### टीम का सर्वोच्च स्कोर

| टीम | खिलाफ | स्कोर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | बेंगलुरु | 287/3 |
| हैदराबाद | मंबई | 277/3 |
| कोलकाता | दिल्ली | 272/7 |
| हैदराबाद | दिल्ली | 266/7 |
| बेंगलुरु | पुणे | 263/5 |

### टीम का सबसे छोटा स्कोर

| टीम | खिलाफ | रन |
|---|---|---|
| बेंगलुरु | कोलकाता | 49 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 58 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 59 |
| दिल्ली | मुंबई | 66 |
| दिल्ली | पंजाब | 67 |

### सबसे सफल टीम

मुंबई इंडियंस : 5 खिताब
2013, 2015, 2017, 2019, 2020

चेन्नई सुपर किंग्स : 5 खिताब
2010, 2011, 2018, 2021, 2023

कोलकाता नाइट राइडर्स : 3 खिताब
2012, 2014, 2024

### सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 205 |
| पीयूष चावला | 192 |
| ड्वेन ब्रावो | 183 |
| भुवनेश्वर कुमार | 181 |
| सुनील नारायण | 180 |

### सबसे ज्यादा मैच

| खिलाड़ी | मैच |
|---|---|
| महेंद्र सिंह धोनी | 264 |
| दिनेश कार्तिक | 257 |
| रोहित शर्मा | 257 |
| विराट कोहली | 252 |
| रविंद्र जडेजा | 240 |

### सबसे ज्यादा कैच

| खिलाड़ी | कैच |
|---|---|
| विराट कोहली | 114 |
| सुरेश रैना | 109 |
| कीरोन पोलार्ड | 103 |
| रविंद्र जडेजा | 103 |
| रोहित शर्मा | 101 |

## खबर संक्षेप



### आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा हार्दिक

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कोच मार्क बाउचर का मानना है कि आईपीएल के पिछले सत्र में मुश्किल दौर से गुजरने के बाद हार्दिक पंड्या अधिक मजबूत खिलाड़ी बने हैं। इस टूर्नामेंट के शनिवार से शुरू होने वाले नए सत्र में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हार्दिक को जब पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया तब बाउचर उसके मुख्य कोच थे। बाउचर ने कहा, 'पिछला सत्र वास्तव में उसके लिए बेहद मुश्किल रहा। वह जब भी मैदान पर कदम रखता दर्शक उसकी हूटिंग करने लग जाते। उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। वह 100 प्रतिशत सम्मान का हकदार था।'

### निरंतरता पर ध्यान, अन्य गेंदों पर भी कर रहे काम

**कोलकाता।** 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भारतीय टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और उनका मानना है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और वह अपनी कला में नयी विविधता जोड़ने पर काम कर रहे हैं। फिटनेस चुनौतियों से जूझने से लेकर भारत की हालिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के सफर में अहम भूमिका निभाने तक 'आर्किटेक्ट से क्रिकेटर' बने इस खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है। केकेआर में अब अजिंक्य रहाणे के रूप में नया कप्तान है और 'मेंटॅार' के तौर पर टी20 के महान क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो हैं।



### विश्व कप टीम में जगह बना सकते हैं यशस्वी

**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में फिर से जगह बनाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का शनिवार से शुरू होने वाला सत्र इस सलामी बल्लेबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। यह 23 वर्षीय बल्लेबाज भारतीय टेस्ट टीम का अभिन्न अंग है लेकिन टी20 क्रिकेट में उन्हें संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।



स्विस ओपन
तीन बार के विश्व चैंपियन को 18-21, 21-12, 21-5 से रौंदा

# शंकर का बड़ा उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-2 एंडर्स एंटोनसेन को 66 मिनट में रौंदा

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21, 21-12, 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के कॅरियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया।



### बरुआ हारकर बाहर

*अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

## क्रोएशिया ने फ्रांस को 2-0 से हराया



**जाग्रेब।** क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से रौंदा, हसन का शतक



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

पाकिस्तान ने हसन नवाज की 45 गेंद में खेली गई नाबाद 105 रन की पारी से शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला जीवंत रखी।

न्यूजीलैंड ने पांच मैच की श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैच नौ विकेट और पांच विकेट से जीते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद घरेलू टीम को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाज ने अपना पहला शतक जड़ा। कप्तान सलमान अली आगा (51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए नवाज के साथ 133 रन की अटूट साझेदारी बनाने में अच्छा साथ निभाया। टीम ने पूरे चार ओवर रहते एक विकेट पर 207 रन बनाकर न्यूजीलैंड को विकेटों के लिहाज से टी20 में सबसे करारी शिकस्त दी। नवाज पहले दो मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे।

फुटबॉल

## विनीसियस ने दिलाई ब्राजील को जीत, कोलंबिया को हराया



एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

विनीसियस जूनियर के आखिरी मिनट में किए गए गोल की मदद से ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कोलंबिया को 2-1 से हराया। अगर यह मैच ड्रॉ रहता तो ब्राज़ील दक्षिण अमेरिकी तालिका में छठे स्थान पर खिसक जाता। इसके बजाय वह विनीसियस जूनियर के गोल से अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर आ गया।

दक्षिण अमेरिका की शीर्ष छह टीमों को अगले साल कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। अर्जेंटीना के अभी तक 12 मैच में 25 अंक और ब्राजील के 13 मैच में 21 अंक हैं।

पराग्वे ने एक अन्य मैच में चिली पर 1-0 की जीत दर्ज की। पराग्वे के 20 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। चिली नौ अंकों के साथ राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर है। इसके अलावा गुरुवार को पेरू ने बोलीविया को 3-1 से हराया। बोलीविया 13 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। पेरू के 10 अंक हैं और वह नौवें स्थान पर है।

### पनामा ने फाइनल में बनाई जगह



**इंगलवुड।** सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद कहा, 'मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है। यह अविश्वसनीय है।' पनामा फाइनल में कनाडा या मेक्सिको का

## प्रणति नायक विश्व कप में वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, 'प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है।' प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलानबटोर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीते थे।

# पुणे मैराथन चैंपियन किरुलकर 3 साल और मोरे 5 साल के लिए बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लंबी दूरी के धावक प्रधान किरुलकर और विवेक मोरे को प्रतिबंधित पदार्थों के जांच में पॉजिटिव आने पर 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' द्वारा क्रमशः तीन और पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के नमूने 15 दिसंबर 2024 को पुणे हाफ मैराथन के दौरान लिए गए थे। इससे पहले मंगलवार को अर्चना जाधव को चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। इसी स्पर्धा के दौरान लिया गया अर्चना का नमूना भी जांच में पॉजिटिव आया था।

किरुलकर ने 1:04:22 के समय के साथ पुणे हाफ मैराथन जीती थी। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के दौरान उनके नमूने में 'मेल्डोनियम' पाया गया था। उनकी प्रतिबंध अवधि 19 फरवरी से शुरू हुई है और 15 दिसंबर 2024 के बाद से उनके सभी परिणाम अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।



चौबीस साल के मोरे का नमूना भी पिछले साल दिसंबर में इसी स्पर्धा में एकत्र किया गया था। उनके नमूने की जांच में 'मेफेनटेरमाइन, मेल्डोनियम और डीईपीओ' की पुष्टि हुई। अर्चना के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ 'ऑक्सन्ड्रोलोन' पाया गया। यह 'सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड' शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण को बढ़ावा देता है।

दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक कॉवेंट्री को सौंपा कमान

# आईओसी का ऐतिहासिक फैसला, पहली बार महिला बनी अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| कोस्टा नवारिनो

जिम्बाब्वे की खेल मंत्री और दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक क्रिस्टी कॉवेंट्री को गुरुवार रात को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की नई अध्यक्ष चुना गया। कॉवेंट्री इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला और संभवतः पहली अफ्रीकी हैं।

आइओसी के चुनाव में कॉवेंट्री के पक्ष में 97 सदस्यों में से 49 ने पक्ष में मतदान किए। 41 वर्षीय कॉवेंट्री 2033 तक आईओसी अध्यक्ष पद पर रहेंगी और वह इस पद पर चुनी जाने वाली सबसे युवा हैं। क्रिस्टी निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक की जगह लेंगी, जिनका कार्यकाल 23 जून को समाप्त होगा।

अध्यक्ष पद की दौड़ में ब्रिटेन के सेबेस्टियन को, स्पेन के जुआन एंटोनियो, फ्रांस के डेविड लेपार्टियंट, जॉर्डन के प्रिंस फैजल, स्वीडन की जोहान इलियाश और जापान के मोरीनारी वातानाबी भी थे। सेबेस्टियन को पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने उन्हें पछाड़ दिया। जीत के बाद कॉवेंट्री ने कहा, मैं आप सभी को गौरवान्वित महसूस कराऊंगी और उम्मीद है कि आपने जो निर्णय लिया है, उस पर आप सभी को बहुत भरोसा होगा। अब हमें साथ मिलकर कुछ काम करना है।



### मुक्केबाजी ओलंपिक में शामिल

इससे पहले आइओसी के 144वें सत्र की बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने 2028 में होने वाले लॉस एंजेल्स ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। पहले इस खेल को हटाने की बातें चल रही थीं और माना जा रहा था कि अगले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाज नहीं होगी। हालांकि, अब ये तय है कि मुक्केबाजी भी 2028 में ओलंपिक पदक दिए जाएंगे।

### भविष्य के ओलंपिक मेजबान के चयन पर विचार जल्द

आईओसी की नव निर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने 2036 ओलंपिक के आयोजन के लिए भारत की बोली पर उम्मीद के मुताबिक सतर्कता बरतते हुए कहा कि वह आने वाले दिनों में भविष्य के मेजबान के चयन पर अपने 'विचारों' का खुलासा करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा अध्यक्ष थॉमस बाक के 23 जून को पद छोड़ने से पहले भारत की बोली पर कोई संभावना है तो कोवेंट्री ने कहा, 'आखिरकार एक प्रक्रिया होती है और वह प्रक्रिया जारी है और जहां तक मुझे पता है, यह अगले कुछ महीनों तक जारी रहेगी।'

# लगातार उभरते आतंकवाद पर जताई चिंता, निपटने के लिए व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित

## आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) विशेषज्ञ कार्य समूह (सीटी पर ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में हुई। बैठक में आसियान सचिवालय, आसियान देशों- लाओ पीडीआर, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, एडीएमएम-प्लस सदस्य राज्यों में चीन, अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया।

### भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मुख्य भाषण दिया और कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अंतरराष्ट्रीय सहयोग अमिताभ प्रसाद, सेना के अतिरिक्त महानिदेशक विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की**

**एडीएमएम-प्लस मंच के माध्यम से भारत तालमेल स्थापित करेगा**




### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र आतंकवाद से प्रभावित

रक्षा सचिव ने यह भी बताया कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र विशेष रूप से आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ से प्रभावित है, क्योंकि यह क्षेत्र भू-राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आतंकवादी संगठन इन सीमाओं को पार कर अपने हमलों को बढ़ा रहे हैं, जो क्षेत्र की स्थिरता को खतरे में डालते हैं। एक समग्र, अनुकूल और गहरे दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो इस क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद कर सके।

### आतंकवाद एक वैश्विक खतरा

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है, जिसे केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मजबूत सुरक्षा तंत्र के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और एडीएमएम-प्लस मंच पर इसके सक्रिय प्रयास यह सुनिश्चित करेंगे कि आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट होकर काम किया जाए और वैश्विक शांति बनाए रखी जाए। उन्होंने एडीएमएम-प्लस मंच के माध्यम से भारत अपनी रक्षा सेनाओं, सुरक्षा एजेंसियों और नीति ढांचे के बीच एक तालमेल स्थापित करना चाहता है, ताकि उभरते हुए खतरों का प्रभावी तरीके से मुकाबला किया जा सके।

### जमीनी अनुभव साझा किए गए

*दो दिवसीय बैठक के दौरान आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य आसियान देशों के रक्षा बलों और उसके संवाद भागीदारों के जमीनी अनुभव को साझा करना था। बैठक के दौरान भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की। इस दौरान 2026 में मलेशिया में विशेषज्ञ कार्य समूह के लिए टेबल-टॉप अभ्यास और 2027 में भारत में फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने का ऐलान किया गया। बैठक ने वर्तमान चक्र के लिए गतिविधियों, अभ्यासों, बैठकों और कार्यशालाओं की नींव रखी। बैठक में भाग लेने वाले देशों और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के प्रयासों पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक दौरे के हिस्से के रूप में प्रतिनिधियों ने आगरा का भी दौरा किया।*

### भारत की जीरो टॉलरेंस नीति

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर पूरी तरह से दृढ़ है। भारत एक ऐसे दृष्टिकोण में विश्वास करता है, जिसमें मजबूत घरेलू तंत्र, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्र सरकार के फैसलों से मणिपुर में जगी उम्मीद



**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिन की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने मणिपुर की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते 20 महीनों से बुरे दौर से गुजर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के कुछ राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों के बाद अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है। हालांकि, राज्य में हालात सामान्य होने में अभी लंबा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न पर प्रस्ताव आएगा।

### इटली ने छापा समाचार पत्र का एआई संस्करण




**रोम।** इटली में दुनिया का पहला एआई समाचार पत्र छापा गया है। इतालवी अखबार 'इल फोग्लियो' ने समाचार पत्र का एआई संस्करण छाप कर इतिहास रचा है। यह प्रयोग एक महीने तक चलेगा और इसका उद्देश्य एआई की सीमाओं और संभावनाओं को समझना है। इल फोग्लियो हर दिन अपनी सामान्य अखबार की कॉपी के साथ चार पन्नों का एआई-संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है। इसमें करीब 22 लेख और 3 संपादकीय होते हैं, जो एआई के जरिए तैयार किए जाते हैं।

## रिश्तों में खटास को कम करने के लिए प्रयास नए सिरे से शुरू करने की तैयारी

# भारत-अमेरिका 'टैरिफ-वार' से बचने के लिए कॉरपोरेट मंत्रालय जुटा

*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लटनिक से मुलाकात कर कुछ बीच का रास्ता अख्तियार करने का फार्मूला तय किया है। ताकि व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाया जा सके*

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

संसदीय सत्र के बाद मोदी सरकार पूरी तरह से भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर चर्चा और व्यापारिक रिश्तों में संभावित खटास को कम करने के प्रयास का नए सिरे से शुरू करने की तैयारी कर रही है। कॉरपोरेट मंत्रालय में इसकी शुरूआत हो चुकी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लटनिक से मुलाकात कर कुछ बीच का रास्ता अख्तियार करने का फार्मूला तय किया है। ताकि व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाया जा सके। दोनों देश 2025 के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरा करने पर सहमत हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 से रेसिप्रोकल-टैरिफ (पारस्परिक शुल्क) लागू करने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि अमेरिका उन देशों पर वही टैरिफ लगाएगा, जो अमेरिकी सामानों पर शुल्क लगाते हैं। इसमें भारत का नाम भी शामिल है, क्योंकि ट्रंप ने बार-बार भारत द्वारा ऊंचे टैरिफ की आलोचना की है, खासकर ऑटोमोबाइल और मोटरसाइकिल जैसे उत्पादों पर। कॉरपोरेट मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, भारत विश्व व्यापार संगठन के नियमों का पालन करता है और सभी देशों पर एक समान टैरिफ लागू करता है, सिवाय उन देशों के जिनके साथ मुक्त व्यापार समझौते हैं। भारत और अमेरिका के बीच अभी ऐसा कोई समझौता नहीं है इसीलिए ऐसी स्थिति उपजी है। समय रहते दोनों देशों के बीच परस्पर समन्वय के साथ स्थिति को अनुकूल बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आंकड़ों के हवाले से सूत्रों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच 2023-24 में 118 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार हुआ, जिसमें भारत को 41 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) था। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जहां भारत अपने कुल निर्यात का 17 फीसदी भेजता है। अगर अमेरिका टैरिफ बढ़ाता है, तो भारतीय निर्यात, जैसे टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स और आभूषण, की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है।



फाइल फोटो

**ट्रंप के दबाव पर भारत अब तक डटा**

### भारत भी अमेरिकी आयात में शुल्क बढ़ा सकता है

जवाब में भारत भी अमेरिकी आयात (जैसे बादाम, सेब, या पेट्रोकेमिकल्स) पर शुल्क बढ़ा सकता है, जिससे दोनों देशों के बीच खटास बढ़ेगी। ट्रंप ने भारत पर दबाव बढाते हुए उम्मीद जताई है कि भारत शुल्क में कटौती करेगा, पर भारत का जोर मानकों को बेहतर करने और व्यापक सहयोग (जैसे रक्षा, ऊर्जा) पर है। ये बात अलग है कि अभी तक भारत, अमेरिका के दबाव में नहीं आया है। सूत्रों का मानना है कि अगर टैरिफ वॉर शुरू होता है, तो यह न केवल व्यापार, बल्कि दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों पर भी असर डाल सकता है। भारत अमेरिका को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अहम साझेदार मानता है, और यह तनाव उस सहयोग को कमजोर कर सकता है।

### संघीय शिक्षा विभाग बंद ट्रंप ने किए हस्ताक्षर

*__एजेंसी, वॉशिंगटन।__ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में शिक्षा विभाग को बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए। संघीय शिक्षा विभाग को बंद करने संबंधी अहम दस्तावेज पर हस्ताक्षर से पहले ट्रंप एक स्कूल में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या उन्हें साइन करना चाहिए? बच्चों ने सहमति में सिर हिलाए, जिसके बाद ट्रंप ने कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैंने एक और दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जो देश के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।' ट्रंप ने हस्ताक्षर से पहले मेज पर रखी कलमों का इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया और अपनी जेब से कलम निकाली। ट्रंप ने कहा कि भले ही आप इसे अंधविश्वास कहें, लेकिन मैं कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के लिए उसी कलम का उपयोग करूंगा।*

## रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की तैयारी

# शांति सेना बनाने की तैयारी तीस देशों ने साथ की बैठक



**एजेंसी ⏭ कीव**

रूस-यूक्रेन के बीच सीमित युद्ध विराम को लेकर अमेरिका के अलावा अन्य देश भी तैयारी कर रहे हैं। ब्रिटेन में यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर लगभग 30 देशों के सैन्य प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक लंदन के पास नॉर्थवुड सैन्य अड्डे पर हुई, जहां सैन्य प्रमुखों ने इस बात पर चर्चा की कि भविष्य में यूक्रेन की रक्षा के लिए किस तरह काम किया जाए।

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन में शांति तभी टिकेगी, जब सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी शांति समझौते की रक्षा के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सभी ने यूक्रेन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शांति सेना की योजना को अंतिम रूप देने पर बात की। स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस के नेतृत्व में गठबंधन योजना आगे बढ़ रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने देश सेना भेजने के लिए तैयार हैं।

### युद्ध समर्थक समूह में बदल रहे: रूस

स्टार्मर ने कहा कि अमेरिका की भागीदारी इस सुरक्षा योजना के लिए आवश्यक होगी, ताकि रूस को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि किसी भी समझौते का उल्लंघन गंभीर परिणाम लाएगा। वहीं रूस ने इस बैठक पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने आरोप लगाया कि यूरोप तेजी से सैन्यीकरण की ओर बढ़ रहा है और युद्ध समर्थक समूह में बदल रहा है। पश्चिमी देशों पर यूक्रेन संकट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। रूस ने कहा है कि वह यूक्रेनी धरती पर नाटो देशों के किसी भी सैनिक को स्वीकार नहीं करेगा।

### ट्रंप ने बनाई है सैद्धांतिक सहमति

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के नेताओं से बात करने के बाद सीमित युद्ध विराम पर सैद्धांतिक सहमत बना ली है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि यह कब प्रभावी हो सकता है और किस पर हमले प्रतिबंधित होंगे। युद्ध विराम वार्ता के बीच दोनों देशों ने रात भर एक-दूसरे पर सैकड़ों ड्रोन हमले किए गए। इसमें कई लोग घायल हुए और इमारतों को नुकसान पहुंचा।

## रक्षा कर्मियों को बेहतर बनाने की दिशा में कदम

# जवानों व उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा निम्हांस

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



### चिंता और अवसाद से मिलेगा छुटकारा

समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान और शैक्षणिक गतिविधियां शामिल हैं।निम्हांस सैन्य कर्मियों को उन्नत मनोचिकित्सा देखभाल और सहायता पर अनुसंधान करने में सहायता प्रदान करेगा, जो पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), चिंता और अवसाद जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा। सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने एक बयान में कहा कि हमारे सैनिकों का मानसिक स्वास्थ्य उनके शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निम्हांस के साथ यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि हमारे कर्मियों को देश की सेवा करते समय आने वाली चुनौतियों से निपटने में सर्वोत्तम संभव सहायता मिले।

## खालिस्तान के खिलाफ बोलना पड़ा भारी

# हिंदू सांसद चंद्र आर्य अब नहीं लड़ पाएंगे चुनाव, काटा टिकट

**एजेंसी ⏭ ओटावा**



कनाडा का खालिस्तान प्रेम एक बार फिर सामने आया है। खालिस्तान की खुलकर आलोचना करना हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भारी पड़ गया है। दरअसल, सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। खालिस्तान समर्थक कही जाने वाली ट्रूडो की पार्टी ने उनका टिकट ही काट दिया है। कनाडा के हिंदू सांसद चंद्र आर्य ने बताया कि लिबरल पार्टी ने नेपियन में फिर से चुनाव लड़ने के लिए उनके नामांकन को रद्द कर दिया है। कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों के मुखर आलोचक रहे 62 वर्षीय चंद्र आर्य तीन बार सांसद रह चुके हैं और 2015 से ओटावा की नेपियन सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लिबरल पार्टी के राष्ट्रीय अभियान के सह-अध्यक्ष एंड्रयू बेवन के एक पत्र में इस निर्णय के बारे में सूचित किया गया था। आर्य को हटाने का निर्णय पार्टी द्वारा पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह नेतृत्व की दौड़ में चुनाव लड़ने से लगभग दो महीने पहले लिया गया था।

## हिंदू विरोधी टिप्पणी के खिलाफ ढाका यूनिवर्सिटी में छात्रों का प्रदर्शन

# आरोपी को निलंबित करने के साथ कड़ी सजा की मांग की

**एजेंसी ⏭ ढाका**

ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने 'हिन्दू स्टूडेंट्स ऑफ ढाका यूनिवर्सिटी' और 'बांग्लादेश यूनाइटेड सनातनी अवेकनिंग अलायंस' के बैनर तले शुक्रवार को प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने सोशल मीडिया पर एक साथी छात्र की ओर से हिंदू धर्म और एक देवता के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध किया। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र इस तरह की टिप्पणियां कई बार कर चुका है। छात्रों ने आरोपी को निलंबित करने और उसके लिए कड़ी सजा की मांग की।




### सरकार कार्रवाई नहीं कर रही

प्रदर्शनकारियों ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि उनके धार्मिक मूल्यों का सम्मान नहीं किया जाता है। उन्होंने सवाल किया कि जब अल्पसंख्यक धर्मों का अपमान किया जाता है तो सरकार की ओर से कोई कदम क्यों नहीं उठाया जाता।

### अल्पसंख्यक समुदाय को नुकसान पहुंचाया

इसके अलावा, अल्पसंख्यक समुदाय के स्वामित्व वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की 113 घटनाएं, मंदिरों और अहमदिया संप्रदाय के मस्जिदों पर हमले की 32 घटनाएं और 92 मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ने की 92 घटनाएं सामने आई हैं।

## पीएम मोदी ने ऐतिहासिक उपलब्धि को देश के लिए बताया गौरव का क्षण

# एक साल में जमीन से निकाला 1 अरब टन के पार 'काला सोना'

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की एक अरब टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि देश ने एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। मंत्री की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! एक बिलियन टन कोयला उत्पादन को पार करना एक उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।



**भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार वाला देश**

**कोयला क्षेत्र से 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार**



### भारत में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका

*आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला देश है और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। राष्ट्रीय ऊर्जा खपत में कोयले का योगदान 55% है, जिससे यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य संसाधन बना हुआ है। भारत का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में 997.82 मिलियन टन के उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 609.18 मिलियन टन से उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, पिछले दशक में 5.64% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ। अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में, पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 11.71% की वृद्धि हुई है। करीब 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।*

### बिजली की मांग पूरी हो सकेगी

*जी किशन रेड्डी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्नत तकनीकों और कुशल खनन प्रथाओं का लाभ उठाकर, भारत ने न केवल उत्पादन को बढ़ावा दिया है बल्कि टिकाऊ और जिम्मेदार खनन को भी प्राथमिकता दी है। यह उपलब्धि हमारी बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करेगी, आर्थिक विकास को गति देगी और हर भारतीय के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेगी। दरअसल, कोयला मुख्य रूप से बिजली उत्पादन और उद्योगों में ईंधन के रूप में उपयोग होता है।*

### तस्करी कर बाहर भेजी गई 297 प्राचीन वस्तुओं को 2024 में अमेरिका से लाए: केंद्रीय पर्यटन मंत्री

**नई दिल्ली।** अब तक देश से तस्करी कर बाहर भेजी गई 588 भारतीय प्राचीन वस्तुएं अमेरिका से वापस लाई गई, इनमें से 297 को 2024 में वापस लाया गया। इसकी जानकारी केंद्र सरकार ने संसद को दी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्राचीन वस्तुओं के अवैध व्यापार को रोकने के लिए अमेरिका-भारत सांस्कृतिक संपत्ति समझौते के तहत वापस लौटाए गई 'लूटे या चुराए गए कलाकृतियों' की संख्या से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। भारतीय प्राचीन वस्तुओं की तस्करी को रोकने के लिए अमेरिका के साथ सांस्कृतिक संपदा समझौते (सीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता रोकथाम के लिए है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109